देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 18 अंक: 239 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार–प्रवाह...
मांग की अनदेखी



# पेज थ्री

देहरादून, रविवार, 31 दिसंबर 2023



मौसम अधिकतम 20.0° न्यूनतम 10.0° | 72196.62 | 2 पाकिस्तान में पोलियो का कहर | 7 खुशखबरी, जडेजा ने शुरू की प्रैक्टिस

# 22 जनवरी को घरों में जलाएं श्रीराम ज्योति

## पीएम मोदी ने देशवासियों से की अपील, गुहार भी लगाई

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

अयोध्या। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रामनगरी को अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे, अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन का उद्घाटन समेत 15,700 करोड़ की विकास परियोजनाओं की सौगात दी। इससे पहले अयोध्या में पीएम मोदी 15 किमी लंबे रोड शो में शामिल हुए। पीएम ने एक विशाल जनसभा को भी संबोधित किया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को अयोध्या की धरती से देशवासियों से दो बेहद खास अपील की। पहली अपील में उन्होंने देश के नागरिकों से 22 जनवरी को अयोध्या नहीं आने का आह्वान किया। वहीं, दूसरी अपील में उन्होंने सभी देशवासियों से इस दिन अपने घरों में दीपक जलाने का अनुरोध किया। गौरतलब है कि पीएम मोदी ने 22 जनवरी के राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले शनिवार को अयोध्या का दौरा किया और एक रैली को संबोधित किया। अयोध्या में राम मंदिर निर्माणाधीन है, जिसका प्राण प्रतिष्ठा समारोह 22 जनवरी को होगा जिसमें मोदी शामिल होंगे।

इस मौके पर रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि मैं 140 करोड़ देशवासियों से अयोध्या की इस पवित्र भूमि से प्रार्थना कर रहा हूं। प्रभु राम की नगरी से प्रार्थना कर रहा हूं कि आप 22 जनवरी को जब अयोध्या में प्रभु राम विराजमान हों तो अपने घरों में भी श्रीराम ज्योति जलाएं, दीपावली मनाएं। शाम पूरे हिंदुस्तान में जगमग जगमग होनी चाहिए। पीएम ने कहा कि एक समय था, जब यहीं अयोध्या में रामलला टेंट में विराजमान थे। आज पक्का घर सिर्फ रामलला को ही नहीं बल्कि पक्का घर देश के 4 करोड़ गरीबों को भी मिला है। आज का भारत अपने तीर्थों को भी संवार रहा है, वहीं डिजिटल टेक्नोलॉजी की दुनिया में भी छाया हुआ है।

मोदी ने अयोध्या को स्वच्छ बनाने का अनुरोध किया। उन्होंने खासतौर से अयोध्या वासियों से देश दुनिया के अतिथियों के स्वागत के लिए तैयार होने की अपील की। साथ ही पीएम मोदी ने देश भर के लोगों से प्रार्थना की कि भव्य राम मंदिर निर्माण से पहले देश के सभी तीर्थ स्थलों पर 14 जनवरी से 22 जनवरी तक स्वच्छता का एक बड़ा अभियान चलाया जाए।

### केदार धाम के पुनरुद्धार का भी किया जिक्र

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, आज देश में सिर्फ केदार धाम का पुनरुद्धार ही नहीं हुआ है, बल्कि 315 से ज्यादा नए मेडिकल कॉलेज भी बने हैं। आज देश में महाकाल महालोक का निर्माण ही नहीं हुआ है, बल्कि हर घर जल पहुंचाने के लिए पानी की 2 लाख से ज्यादा टंकियां भी बनवाई गई हैं।



### कुछ दिन और इंतजार करें

पीएम ने सभी देशवासियों से एक करबद्ध प्रार्थना की 22 जनवरी को अयोध्या आने का मन न बनाएं। हर किसी की इच्छा है कि 22 जनवरी का साक्षी बनने के लिए वे (लोग) स्वयं अयोध्या आएं लेकिन आप भी जानते हैं कि हर किसी का आना संभव नहीं है। सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए मोदी ने कहा कि प्रभु राम जी को तकलीफ हो, ऐसा हम भक्त कर नहीं सकते। प्रभु श्री राम जी पधार रहे हैं तो हम भी कुछ दिन इंतजार करें। साढ़े पांच सौ साल इंतजार किया है तो कुछ दिन और इंतजार करें। इसलिए सुरक्षा और व्यवस्था के लिहाज से मेरी आप सबसे बार–बार प्रार्थना है कि कृपा करके आप प्रभु राम के दर्शन, अयोध्या का नव्य, भव्य, दिव्य मंदिर आने वाले सदियों तक दर्शन के लिए उपलब्ध है।

### 30 दिसंबर की ऐतिहासिकता पर डाला प्रकाश

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, देश के इतिहास में 30 दिसंबर की तारीख बहुत ऐतिहासिक रही है। 1943 में आज के ही दिन नेताजी सुभाषचंद्र बोस ने अंडमान में झंडा फहरा कर भारत की आजादी का जयघोष किया था। आजादी के आंदोलन से जुड़े ऐसे पावन दिवस पर हम आजादी के अमृतकाल के संकल्प को आगे बढ़ा रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि त्रिकालदर्शी महर्षि वाल्मीकि जी के नाम पर अयोध्या धाम एयरपोर्ट का नाम, इस एयरपोर्ट में आने वाले हर यात्री को धन्य करेगा। आधुनिक भारत में महर्षि वाल्मीकि इंटरनेशनल एयरपोर्ट, अयोध्या धाम, हमें दिव्य भव्य राम मंदिर से जोड़ेगा। अभी अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन की क्षमता 10–15 हजार लोगों की सेवा करने की है।

## संक्षिप्त समाचार

### राजस्थान में 22 विधायक बने मंत्री

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। राजस्थान में सीएम भजनलाल शर्मा के मंत्रिमंडल का विस्तार हो गया है। मंत्रिमंडल में पहली बार और दूसरी बार चुने गए विधायकों को शामिल किया गया है। शनिवार को यहां राजभवन में एक समारोह के दौरान 22 भाजपा विधायकों ने राजस्थान सरकार के मंत्री के रूप में शपथ ली। इस दौरान 12 ने कैबिनेट मंत्री, पांच ने राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और पांच ने राज्य मंत्री के रूप में शपथ ली। राज्यपाल कलराज मिश्र ने विधायकों को मंत्री पद की शपथ दिलाई।

### पूर्व पाकिस्तानी पीएम का नामांकन हुआ रद्द

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कराची। पाकिस्तान चुनाव आयोग ने शनिवार को पूर्व पीएम इमरान खान को बड़ा झटका दिया है। पाकिस्तान के चुनाव आयोग ने शनिवार को कहा कि देश में 2024 में होने वाले आम चुनावों को लेकर पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के नामांकन को खारिज कर दिया गया है।

# रामलला किसी एक पार्टी की प्रॉपर्टी नहीं

## उद्धव ठाकरे को नहीं मिला राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का न्योता

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मुंबई। पूर्व मुख्यमंत्री और शिवसेना (यूबीटी) अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने शनिवार को कहा कि उन्हें अगले माह अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन समारोह का न्योता नहीं दिया गया है। बता दें कि 22 जनवरी को राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित अन्य लोगों के शामिल होने की उम्मीद है।

शिवसेना (यूबीटी) अध्यक्ष ठाकरे को राम मंदिर के उद्घाटन समारोह का न्योता नहीं दिया गया है। उन्होंने कहा कि राम मंदिर जाने के लिए मुझे न्योते की जरूरत नहीं है, क्योंकि रामलला सभी के हैं। मेरी सिर्फ एक ही विनती है कि राम मंदिर के उद्घाटन का राजनीतिकरण न हो। रामलला किसी एक पार्टी की प्रॉपर्टी नहीं हैं, बल्कि लाखों–करोड़ों भक्तों के आस्था और श्रद्धा का स्थान है। इसका राजनीतिकरण नहीं करना चाहिए।

उद्धव ठाकरे ने राम मंदिर के निर्माण कार्य पर खुशी जताते हुए कहा कि राम मंदिर के निर्माण का फैसला सरकार ने नहीं, बल्कि सुप्रीम कोर्ट ने दिया था। बाबरी गिराने का जो काम किया गया वो तो अब रहे नहीं बाकी, काफी थोड़े लोग रहेंगे... कुछ लोग अपने स्कूल की पिकनिक के लिए गए होंगे, उस उम्र के वो थे... लेकिन सारे लोगों का सहयोग इसमें है। इसलिए मेरा मानना है कि राम मंदिर का निर्माण हमारे लिए खुशी और गर्व की बात है।

### बस प्रभु राम को चुनाव में उम्मीदवार घोषित करना बाकी

शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तंज कसा है। दरअसल, उन्होंने भाजपा और पीएम मोदी पर कटाक्ष करते हुए कहा है कि भाजपा के लिए एकमात्र चीज 2024 में लोकसभा चुनाव के लिए भगवान राम को अपना उम्मीदवार घोषित करना है। संजय राउत ने कहा, अब भाजपा की ओर से 22 जनवरी को ऐलान होगा कि हम प्रभु श्री राम को चुनाव में खड़ा कर रहे हैं, सिर्फ यही बाकी रह गया है। राम जी के नाम पर इतनी राजनीति हो रही है कि सिर्फ यही कहना बाकी है कि हमारे उम्मीदवार श्री राम होंगे।

# विनेश फोगाट ने अर्जुन और खेल रत्न पुरस्कार लौटाया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। पहलवान विनेश फोगाट ने अपना अर्जुन और खेल रत्न पुरस्कार कर्तव्य पथ पर छोड़कर चली गईं। इसके बाद दिल्ली पुलिस ने उसे उठा लिया। कांग्रेस ने इस संबंध में एक्स पर पोस्ट किया है। उन्होंने लिखा– देश के लिए शर्म का दिन। पहलवान बजरंग पूनिया के बाद अब देश को मेडल दिलाने वाली बेटी विनेश फोगाट ने अपना खेल रत्न और अर्जुन अवॉर्ड प्रधानमंत्री ऑफिस के बाहर रख दिया है। पीएम मोदी और उनकी सरकार ने इन्हें इस कदर प्रताड़ित किया कि आज ये कदम उठाने को मजबूर हैं। शर्मनाक!

इससे पहले, विनेश फोगाट ने 26 दिसंबर को एक्स पर पीएम मोदी को संबोधित कर एक चिट्ठी लिखी थी जिसमें उन्होंने अर्जुन पुरस्कार और मेजर ध्यानचंद खेल रत्न अवार्ड लौटाने की घोषणा की थी। उन्होंने लिखा था कि उनकी जिंदगी सरकार के उन फैंसी विज्ञापनों की तरह नहीं है, जिनमें महिला सशक्तिकरण और उनके उत्थान की बात की जाती है। उन्होंने लिखा– मुझे ध्यानचंद खेल रत्न और अर्जुन पुरस्कार से नवाजा गया था, लेकिन अब इनका मेरी जिंदगी में कोई मतलब नहीं रह गया है। हर महिला सम्मान के साथ समाज में जीना चाहती है, इसलिए प्रधानमंत्री सर, मैं अपना मेजर ध्यानचंद खेल रत्न और अर्जुन पुरस्कार वापस करना चाहती हूं।

### आहत

■कर्तव्य पथ पर रखे, बाद में दिल्ली पुलिस ने उठाया

### बजरंग भी लौटा चुके हैं पुरस्कार

भारतीय कुश्ती संघ के चुनाव 21 दिसंबर को हुए थे। इसमें संजय सिंह को अध्यक्ष चुना गया था। इसके बाद साक्षी मलिक ने यह कहते हुए कुश्ती से संन्यास ले लिया कि फिर से बृजभूषण जैसा ही चुना गया है तो क्या करें? इसके बाद बजरंग ने पद्म श्री लौटाया।

Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# नए साल से पहले कोरोना ने पकड़ी रफ्तार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। साल 2023 के खत्म होने में कुछ ही घंटे बाकी हैं, लेकिन देश में कोरोना की रफ्तार कम होने का नहीं ले रही है। भारत में पिछले पिछले 24 घंटों में कोविड–19 के 743 नए केस सामने आए हैं।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, बीते 24 घंटे में कोरोना वायरस के 743 नए मामले दर्ज किए गए। देश में एक्टिव केसों की संख्या बढ़कर 3,997 हो गई है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, पिछले 24 घंटों के दौरान सात लोगों की मौत हुई है। केरल में तीन, कर्नाटक में दो और छत्तीसगढ़ और तमिलनाडु में एक–एक लोगों की कोरोना वायरस से मौत हुई है।

### देश में मिले 743 नए केस, सात लोगों की मौत

देश में एक दिन पहले 797 नए केस मिले थे। हालांकि, एक दिन बाद देश में कोरोना के केसों में कमी दर्ज की गई है। हालांकि, मौत का आंकड़ा एक दिन पहले के मुकाबले बढ़ा है। शुक्रवार को कोरोना से पांच लोगों की जान गई थी, जबकि आज सात लोगों की मौत हुई है।

## न्यूज डायरी



### पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान को कोर्ट से मिली बड़ी राहत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। इस्लामाबाद हाई कोर्ट ने शुक्रवार को पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ (पीटीआइ) के नेताओं और वकीलों को अदियाला जेल जाकर पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के साथ आठ फरवरी को होने जा रहे आम चुनाव से संबंधित बैठकें करने की अनुमति दी है। इमरान ने पीटीआइ नेताओं के साथ जेल में चुनाव से पहले रणनीतिक बैठक करने की अनुमति मांगी थी और अदियाला जेल अधीक्षक को विचार–विमर्श गोपनीय रखने का निर्देश देने का अनुरोध किया था। सुनवाई के दौरान पाकिस्तान के अटार्नी जनरल मंसूर उस्मान अवान, खान की पार्टी के वकील और अदियाला जेल के अधीक्षक हाई कोर्ट में उपस्थित हुए। सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद इमरान की याचिका पर जस्टिस मियांगुल हसन औरंगजेब ने उक्त आदेश दिया। पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ (पीटीआइ) पार्टी के उपाध्यक्ष एवं पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी को पुलिस ने नौ मई हिंसा से संबंधित एक दर्जन विभिन्न मामलों में आरोपित बनाया है। दंडाधिकारी ने उन्हें दो सप्ताह के लिए अदियाला जेल भेज दिया। पाकिस्तान सुप्रीम कोर्ट से साइफर मामले में जमानत मिलने के बाद कुरैशी रिहा हुए और अदियाला जेल के बाहर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। कुरैशी ने पुलिस पर दुर्व्यवहार और मारपीट करने का आरोप लगाया है।

### यूएई ने बनाया बेहद सख्त कानून, उल्लंघन पर जेल के साथ करोड़ों का जुर्माना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दुबई। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने ग्राहकों से जुड़े नए कानून बनाए हैं। नए उपभोक्ता संरक्षण कानून का उल्लंघन करने पर दो मिलियन दिहरम (करीब साढ़े 4 करोड़ भारतीय रुपए) तक जुर्माना और 2 साल की जेल की सजा का सामना करना पड़ सकता है। नया उपभोक्ता संरक्षण कानून के कई कमियों और मुद्दों को दुरुस्त करता है, जो पुराने कानून में नहीं थे। यूएई के दुबई, अबू धाबी और दूसरे शहरों में बड़ी संख्या में भारतीय लोग रहते हैं। ऐसे में भारतीयों के लिए भी इन कानूनों को जान लेना जरूरी है। इन नए कानूनों में आपूर्तिकर्ताओं को अनुबंधों में ऐसे किसी भी खंड को शामिल करने से प्रतिबंधित किया गया है, जो बाद में उपभोक्ताओं को नुकसान पहुंचा सकता है। कानूनी विशेषज्ञों के अनुसार, अक्टूबर में लागू हुए उपभोक्ता संरक्षण कानून के प्रावधानों के तहत उपभोक्ता वस्तुओं या सेवाओं के उपयोग से किसी भी नैतिक या भौतिक क्षति के लिए मुआवजे की मांग कर सकते हैं। उपभोक्ता संरक्षण पर 2020 के संघीय कानून संख्या 15 में लंबे समय से प्रतीक्षित खंडों को जोड़ा है, जो 14 अक्टूबर, 2023 को प्रभावी हो गए हैं। नए कानून कहते हैं कि सप्लायर और कमर्शियल एजेंटों को सभी प्रासंगिक जानकारी का सटीक रूप से खुलासा करना होगा और डिस्पले के दौरान माल की कीमत को स्पष्ट रूप से लिखना होगा। सामान का विज्ञापन भ्रामक नहीं होगा और उपभोक्ताओं को कीमत और खरीद की तारीख बताते हुए एक चालान देना होगा।

### चीन को झटका, ब्रिक्स में शामिल नहीं होगा अर्जेंटीना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ब्यूनस आयर्स। अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर माइली ने ब्रिक्स में शामिल होने के निमंत्रण को अस्वीकार कर दिया है। ब्रिक्स में औपचारिक रूप से शामिल होने से सिर्फ तीन दिन पहले अर्जेंटीना के राष्ट्रपति ने संगठन के सभी सदस्य देशों को समूह में अपनी एंट्री के प्लान को बदलने की जानकारी दी है। दक्षिणपंथी माइली ने अपने चुनाव अभियान के दौरान ही ब्रिक्स को कम्युनिस्टों का संगठन कहते हुए इसकी मजाक उड़ाई थी। उन्होंने कहा है कि हमारा जियोपॉलिटिकल गठबंधन अमेरिका और इजरायल के साथ है। हम कम्युनिस्टों (ब्रिक्स) के साथ गठबंधन नहीं करने जा रहे हैं। जेवियर माइली ने ब्रिक्स सदस्यों– ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका के नेताओं को लिखे अपने पत्र में कहा है कि संगठन में शामिल होने का फैसला पिछली सरकार ने लिया था। इस फैसले से वह सहमत नहीं हैं और उन्होंने पिछली सरकार द्वारा लिया गया फैसला पलट दिया है। अर्जेंटीना उन छह देशों में से एक है, जिन्हें अगले साल के पहले दिन यानी एक जनवरी को पूर्ण सदस्यता दी जानी है।

# कनाडा में बीते पांच साल में सबसे ज्यादा हुई भारतीय छात्रों की मौतें

## फिक्र में ट्रूडो सरकार, विदेशी छात्रों की मौतों की घटनाओं पर उठाए कदम

रिपोर्ट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

ओटावा। कनाडा में 2018 के बाद से विदेशों में भारतीय छात्रों की मौतों की सबसे अधिक संख्या दर्ज की गई है। इस पर कनाडा की जस्टिन ट्रूडो के नेतृत्व वाली सरकार ने भी चिंता जताते हुए कहा है कि वह अंतरराष्ट्रीय छात्रों की स्थिति में सुधार के लिए कदम उठा रही है। कनाडा सरकार का लक्ष्य 2024–25 के शैक्षणिक वर्ष की शुरुआत से पहले इन नए एहतियाती कदमों को लागू करना है। कनाडा के आप्रवासन, शरणार्थी और नागरिकता कनाडा मामलों के सरकारी विभाग ने कहा है कि छात्रों से जुड़ी चिंताओं को दूर करने के तरीके विकसित करने के लिए प्रांतों और शिक्षण संस्थानों को साथ मिलकर काम करने की जरूरत है।

द प्रिंट की रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले पांच सालों में यानी 2018 के बाद से विदेश में 403 भारतीय छात्रों की मौतें विदेश मंत्रालय ने दर्ज की हैं। इनमें से 91 भारतीय छात्रों की मौतें कनाडा में हुई है। विदेश मंत्रालय के आंकड़ों में इन मौतों के लिए प्राकृतिक कारणों, दुर्घटनाओं और चिकित्सा स्थितियों सहित कई कारणों को जिम्मेदार ठहराया गया है। विदेश मंत्रालय में राज्यमंत्री वी मुरलीधरन ने बताया कि कनाडा के बाद ब्रिटेन में 48, रूस में 40, अमेरिका में 36 और ऑस्ट्रेलिया में 35 छात्रों की मौतें दर्ज की गईं।



फरवरी 2023 में विदेश मंत्रालय की ओर से राज्यसभा को उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार, 2018 और 2022 के बीच 5,67,607 भारतीय कनाडा में अध्ययन करने के लिए विदेश गए। इस दौरान करनाडा से ज्यादा छात्र सिर्फ अमेरिका पढ़ने के लिए गए। 2018 से 2022 के बीच अमेरिका में सबसे ज्यादा 6,21,336 भारतीय छात्र गए। अमेरिका और कनाडा के बाद तीसरे नंबर पर 3,17,119 छात्र यूके में पढ़ने के लिए गए।

आव्रजन, शरणार्थी और नागरिकता कनाडा (आईआरसीसी) के मुताबिक, 2024 में कनाडाई सरकार नामित शिक्षण संस्थानों की पहचान करने और उन्हें लाभ पहुंचाने के लिए एक मान्यता प्राप्त ढांचे को अपनाने जा रही है। नामित शिक्षण संस्थानों में आमतौर पर अंतरराष्ट्रीय छात्र सलाहकार होते हैं, जो सेवाओं की सुविधा प्रदान करते हैं और अपने छात्रों को मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जानकारी और आवश्यकतानुसार अन्य सहायता प्रदान करके उन्हें जोड़ने में मदद करते हैं।

डीएलआई के पास अक्सर अपने स्वयं के आवास और सामुदायिक स्वास्थ्य सेवाएं होती हैं जिनसे अंतरराष्ट्रीय छात्र लाभ उठा सकते हैं। आईआरसीसी ने मानसिक स्वास्थ्य या अन्य मुद्दों से जूझ रहे किसी भी व्यक्ति से अपने शिक्षण संस्थान या समुदाय में उपलब्ध सहायता सेवाओं की तलाश करने या राष्ट्रीय हॉटलाइन से संपर्क करने का आग्रह किया है।

## पाकिस्तान में पोलियो का कहर स्वास्थ्य मंत्रालय का अलर्ट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान के चार जिलों में पोलियो वायरस का पता चला है। पाकिस्तान के राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा विनियमन और समन्वय मंत्रालय के अनुसार, पाकिस्तान के चार जिलों के पर्यावरण नमूनों में पोलियो वायरस पाया गया है।

मंत्रालय ने कहा कि दक्षिणी सिंध प्रांत के कराची और हैदराबाद जिले, दक्षिण–पश्चिम के चमन जिले और उत्तर–पश्चिम में स्थित पेशावर के जिलों में चार पर्यावरण नमूनों में पोलियो वायरस पाए गए हैं। मंत्रालय ने कहा कि पाकिस्तान में दुनिया में सबसे व्यापक और संवेदनशील पोलियो निगरानी प्रणाली है और पोलियो वायरस कमजोर इम्यूनिटी वाले बच्चों को जल्दी और आसानी से निशाना बनाता है। इसलिए पोलियो टीकाकरण बच्चों को वायरस और विकलांगता से बचाने का एकमात्र तरीका है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि माता–पिता को प्रत्येक पोलियो अभियान के दौरान पांच साल से कम उम्र के बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलानी चाहिए। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, पाकिस्तान अपने पड़ोसी अफगानिस्तान के साथ–साथ दुनिया के दो पोलियो से पीड़ित देशों में से एक है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि पाकिस्तान में इस साल अब तक पोलियो के छह मामले सामने आए हैं।



### रूस ने पोलैंड के हवाई क्षेत्र का किया उल्लंघन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वारसॉ। पोलैंड ने कहा कि रूस ने उसके हवाई क्षेत्र का उल्लंघन किया है। पोलिश सशस्त्र बलों के जनरल स्टाफ के मुताबिक, एक रूसी मिसाइल ने शुक्रवार सुबह नाटो सदस्य के हवाई क्षेत्र में प्रवेश कर गई। यह घटना उस समय हुआ, जब रूस युक्रेन पर अब तक का सबसे घातक हमला कर रहा है। वहीं, रूस द्वारा यूक्रेन पर किए गए इस हमले में 31 लोगों की मौत हो गई है। वहीं, 120 से अधिक लोगों के घायल होने की सूचना है। मालूम हो कि रूस ने शुक्रवार को यूक्रेन पर 122 मिसाइलों और दर्जनों ड्रोन से हमला किया। वहीं, पोलैंड ने अपने हवाई क्षेत्र के उल्लंघन के लिए रूस के राजनयिक को समन जारी कर हवाई क्षेत्र के उल्लंघन के लिए स्पष्टीकरण और ऐसी गतिविधियों पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। पोलैंड के विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान जारी कर इस बारे में जानकारी दी है।

## फैजाबाद धरने की जांच कर रही संस्था ने पूर्व आईएसआई प्रमुख को किया तलब

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

इस्लामाबाद। एक उच्च–स्तरीय जांच निकाय ने नवंबर 2017 में एक कट्टरपंथी इस्लामी समूह के कुख्यात धरने पर अपना बयान देने के मामले में पाकिस्तान के पूर्व जासूस प्रमुख लेफ्टिनेंट–जनरल फैज हमीद को अगले हफ्ते तलब किया है।

धरने का नेतृत्व मौलवी खादिम हुसैन रिजवी के नेतृत्व में टीएलपी समूह के कार्यकर्ताओं ने किया। प्रदर्शनकारी निर्वाचित प्रतिनिधियों की शपथ में कुछ बदलावों से नाराज थे, उनका आरोप था कि यह पैगंबर की अंतिमता की इस्लामी अवधारणा का उल्लंघन है। आयोग ने आईएसआई के पूर्व महानिदेशक हमीद को अगले हफ्ते अपना बयान दर्ज कराने के लिए दूसरी बार बुलाया है।

#### अब तक रक्षा मंत्रालय ने भेजे हैं दो नोटिस

हमीद ने जून 2019 से अक्टूबर 2021 तक डीजी–आईएसआई के रूप में कार्य किया है। अखबार ने सूत्रों के हवाले से बताया कि पूर्व आईएसआई प्रमुख को रक्षा मंत्रालय के जरिए दो नोटिस भेजे गए थे। पहले नोटिस में उन्हें दिसंबर के दूसरे सप्ताह में बुलाया गया था, लेकिन नोटिस समय पर नहीं दिया जा सका, जिसके परिणामस्वरूप सेवानिवृत्त जनरल आयोग के सामने पेश नहीं हुए। अखबार की रिपोर्ट के मुताबिक, अब दूसरा नोटिस भेजकर उन्हें अगले हफ्ते आयोग के सामने पेश होने और धरने के संबंध में अपना बयान दर्ज कराने और इस मामले में सबूत जुटाने में आयोग की मदद करने को कहा गया है। यह स्पष्ट नहीं है कि पूर्व जासूस प्रमुख आयोग के सामने उपस्थित होंगे और अपना बयान दर्ज कराएंगे या नहीं। आईएसआई को देश में अत्यधिक शक्तिशाली और प्रभावशाली माना जाता है और इसके सेवानिवृत्त अधिकारियों की शायद ही कभी किसी भी तरह की जांच की जाती है। इस्लामाबाद को रावलपिंडी से जोड़ने वाले फैजाबाद इंटरचेंज पर धरने के कारण दोनों शहर लगभग तीन सप्ताह तक कटे रहे, जिससे लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।

### अमेरिका ने निकाली मुनीर के मिशन टीटीपी की हवा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। अमेरिकी सरकार तहरीक–ए–तालिबान पाकिस्तान की हिंसा से निपटने के लिए पाकिस्तान की सैन्य और आर्थिक सहायता करने के मूड में नहीं है। पाकिस्तान के सेना प्रमुख असीम मुनीर ने अपनी हालिया यात्रा के दौरान अमेरिकी नेतृत्व के सामने टीटीपी के खतरे की बात उठाई थी। मुनीर को अमेरिका से उसी तरह का समर्थन मिलने की उम्मीद थी, जिस तरह से उनके देश को पूर्व में आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई के लिए मिलता रहा है। मुनीर को क्यों अमेरिका से खाली हाथ लौटना पड़ा है और क्यों अमेरिका अब पाकिस्तान को अहमियत नहीं दे रहा, ये बड़े सवाल हैं। अपने दौरे में जनरल मुनीर अमेरिकी अधिकारियों को यह समझाने की कोशिश कर रहे थे कि टीटीपी ना सिर्फ पाकिस्तान के लिए बल्कि अमेरिका के लिए भी बड़ा खतरा है।

# Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# योजना का लाभ वंचित व्यक्ति तक पहुंचाने के निर्देश

**निर्देश**

## सांसद अजय टम्टा की अध्यक्षता में किया गया विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन

**संवाददाता**

अल्मोड़ा। अधिशासी अधिकारी नगरपालिका भरत त्रिपाठी ने बताया कि शनिवार को नगर पालिका परिषद् के तत्वाधान में भारत सरकार की प्रमुख जनलाभार्थी योजनाओं के संतृप्तीकरण हेतु लक्षित लाभार्थियों तक समयबद्ध रूप से पहुॅच सुनिश्चित करने के लिए तथा आउटरीच हेतु गतिविधियों के माध्यम से सक्रिय जनभागीदारी के माध्यम से जागरूकता बढ़ाने के लिये राष्ट्रव्यापी अभियान के रूप में ''विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन गॉधी पार्क, माल रोड अल्मोड़ा में सांसद अजय टम्टा की अध्यक्षता में किया गया।



कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुए सांसद ने भारत सरकार की समस्त कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए समस्त विभागों से योजना का लाभ वंचित व्यक्ति तक पहुॅचाने के निर्देश दिये तथा इन योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के साथ–साथ 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को पूरा किये जाने हेतु उपस्थित सभी नागरिकों से अपील की।

शिविर में विकसित भारत संकल्प यात्रा के अन्तर्गत सूचीबद्ध चिन्हित योजनाओं यथा पीएम स्वनिधि, पीएम आवास योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम उज्जवला योजना, आयुष्मान भारत योजना, पीएम मुद्रा लोन स्वच्छ भारत मिशन तथा निकाय स्तर पर संचालित समस्त योजनाओं का लाभ प्राप्त करने हेतु लोगों को जानकारी प्रदान की गयी। इस दौरान विकसित संकल्प यात्रा आईईसी वाहन के द्वारा चलचित्र के माध्यम से केन्द्र व राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गयी। इस शिविर में उज्जवला योजना के तहत 05 लाभार्थियों तथा पीएम आवास के 11 लाभार्थियों को चौक वितरित किये गये। 16 व्यक्तियों द्वारा आयुष्मान कार्ड बनाये गये तथा 55 व्यक्तियों के आधार और मोबाईल अपडेट किये गये। चिकित्सा विभाग द्वारा उपस्थित जनता का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया।

शिविर में चिकित्सा विभाग, समाज कल्याण, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग, श्रम विभाग, आयुर्वेद एवं यूनानी विभाग, उद्योग विभाग, प्रधान डाकघर, बाल विकास विभाग एवं पशुपालन विभागों द्वारा अपने विभाग से सम्बन्धित योजनाओं के प्रचार–प्रसार हेतु स्टॉल लगाये गये तथा संचालित योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष रमेश बहुगुणा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष कैलाश गुरूरानी, मनोज जोशी, प्रदेश महामंत्री ओ0बी0सी0 मोर्चा अजय वर्मा, भाजपा जिला मंत्री महेश बिष्ट, वरिष्ठ कार्यकर्ता वंशीलाल ककड, संयोजक नमो ऐप कृष्ण सिंह, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी गोविन्द प्रसाद सहित क्षेत्रीय जनता उपस्थित रहे।

## न्यूज डायरी

### पज्याणा मल्ला में आयोजित बहुउद्देश्यीय शिविर में जनता ने रखी 27 समस्याए

**संवाददाता** चमोली। विकासखंड गैरसैंण के दूरस्थ गांव पंज्याणा मल्ला में शनिवार को मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह की अध्यक्षता में बहुउद्देशीय शिविर आयोजित किया गया। शिविर में क्षेत्रीय जनता ने 27 समस्याएं दर्ज की। जिनमें से 20 समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया गया। शिविर में विभागीय स्टॉलों के माध्यम से तमाम प्रमाण पत्र जारी करने के साथ ही क्षेत्रवासियों को जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई। स्वास्थ्य शिविर एवं विभागीय स्टॉलों पर 485 से अधिक लोगों को लाभान्वित किया गया। शिविर में एक दिव्यांग प्रमाण पत्र, 03 यूडीआईडी, 07 आयुष्मान कार्ड भी बनाए गए। दूरस्थ क्षेत्र पंज्याणा मल्ला में बहुउद्देशीय शिविर आयोजित करने पर क्षेत्रवासियों ने जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम के तहत स्थानीय स्तर पर शिविरों के माध्यम से आम जनता की समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शिविर में जो भी समस्याएं रखी गई है, उनका प्राथमिकता पर निराकरण किया जाएगा।

### एओर्टिक वाल्व रिप्लेसमेंट कार्डियक सर्जरी में अपोलो के डॉक्टरों को मिली सफलता

**संवाददाता** देहरादून। चिकित्सा के क्षेत्र में दिल्ली के अपोलो अस्पताल ने एक बार फिर बड़ी कामयाबी हासिल की है डॉक्टरों को पहली बार रोबोट के जरिए मरीज की एओर्टिक वाल्व रिप्लेसमेंट कार्डियक सर्जरी में सफलता हासिल हुई। जानकारी के अनुसार, उत्तर प्रदेश के बरेली निवासी एक 29 वर्षीय मरीज को गंभीर हालत में दिल्ली के इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां मरीज को गंभीर महाधमनी वाल्व रिगर्जिटेशन का पता चला जिसके लिए डॉक्टरों ने रोबोटिक सहायता वाली वाल्व रिप्लेसमेंट सर्जरी की। डॉक्टरों का कहना है कि उनकी यह उपलब्धि रोगी देखभाल में अपोलो की उन्नत चिकित्सा प्रौद्योगिकी की क्षमता को उजागर कर रही है।

### फिलिप्स एजुकेशन द्वारा हरिद्वार के सीओई में छात्रों के पहले बैच की सफलता

**संवाददाता** देहरादून। हरिद्वार के विशिष्ट सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में स्थित शसेंटर ऑफ एक्सीलेंसश में शफिलिप्स एजुकेशनश द्वारा शमिलिंग स्पेशलिस्टश कोर्स का प्रशिक्षण हाल ही में आयोजित किया गया। छात्रों के पहले बैच ने यह प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। उनका दीक्षांत समारोह आज मनाया गया। उन्नत विनिर्माण समाधानों में वैश्विक अग्रणी फिलिप्स कॉर्पोरेशन की फिलिप्स एजुकेशन एक पहल है।

# कुपोषित बच्चों को 31 मार्च तक कुपोषण से मुक्त कराने के निर्देश

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। जिलाधिकारी सौरभ गहरवार ने जिला कार्यालय एनआईसी कक्ष में बाल विकास विभाग की समीक्षा करते हुए जनपद में कुपोषित बच्चों के संबंध में जानकारी प्राप्त करते हुए जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं सभी सीडीपीओ को निर्देश दिए हैं कि जनपद में जो भी बच्चे कुपोषित हैं उन्हें कुपोषण से मुक्त कराने के लिए उन्हें 31 मार्च, 2024 तक कुपोषण से मुक्त कराने के लिए गंभीरता के साथ कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि जिन गांवों में बच्चे कुपोषित हैं उन गांवों के लिए रोस्टर तैयार करते हुए आरबीएस टीम के साथ समन्वय करते हुए कुपोषित बच्चों का 10 जनवरी, 2024 तक सभी बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए हैं कि इस संबंध में सभी अधिकारी यह सुनिश्चित कर लें कि परीक्षण के दौरान बच्चे का वजन कराते हुए कुपोषण के कारण के संबंध में पूर्ण विवरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि इस संबंध में सभी अधिकारी गंभीरता के साथ कार्य करें। इसमें किसी भी प्रकार की कोई शिथिलता एवं लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए हैं कि जिन गांव में बच्चों की संख्या अधिक है उन गांव में जिला कार्यक्रम अधिकारी को स्वयं निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए।




### एनएसएस शिविर कैंप फायर व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ संपन्न

**संवाददाता** नौगांव। राजकीय आदर्श इंटर इंटर कॉलेज हुडोली के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय कैंप रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ कैंप फायर के साथ संपन्न हो गया। शिविर में 35 छात्राएं तथा 15 छात्र प्रतिभा कर रहे हैं। कैंप फायर प्रधानाचार्य ललिता प्रसाद सेमवाल की विशेष उपस्थिति में संपन्ना हुआ। उनके द्वारा छात्राओं का भी मार्गदर्शन प्रदान किया गया। यह शिविर 23 दिसंबर को हुडोली गांव के प्राथमिक विद्यालय गेंडा में प्रारंभ हुआ था। सात दिनों तक चले शिविर में छात्राओं ने गांव में स्वच्छता, कैंप फायर, सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अलावा जल स्रोतों की सफाई परियोजना कार्य, श्रमदान अंतर्गत ग्राम की साफ–सफाई विद्यालय की साफ सफाई एवं प्रातः कालीन प्रभात फेरी, योगाभ्यास बौद्धिक सत्र के अंतर्गत विभिन्न विद्वानों के विचारों से छात्राएं अवगत हुई।

# राम जन्मभूमि अयोध्या मंदिर से लाये अक्षत कलश के साथ निकाली भव्य कलश यात्रा

**संवाददाता** पुरोला। नगर क्षेत्र में शनिवार को विभिन्न संगठनों ने अयोध्या राम मंदिर प्राणप्रतिष्ठा के लिए पूजित अक्षत के साथ जय श्रीराम के जय घोष व राम भजनों की गूंज के साथ भव्य कलश यात्रा तथा राम–सीता की झांकी निकाली। कलश यात्रा सरस्वती शिशुमन्दिर से मुख्य बाजार होते हुए दुर्गा मंदिर तक निकाली गई जिसमे राम,लक्ष्मण,सीता व हनुमान की झांकी सजा रथ निकाला गया। कलश यात्रा में राम के जयघोष के साथ राम सीता के भजनों के साथ पूरा नगर गूंज उठा।

सह जिला अभियान प्रमुख आचार्य लोकेश बडोनी मधुर, पवन नौटियाल ने कहा कि अयोध्या



से पूजित अक्षत को 1 जनवरी से 15 जनवरी तक हर घर में पंहुचाने का लक्ष्य है उन्होंने कहा कि जिला अभियान की टीम ने यह अक्षत कलश खण्ड व नगर अभियान इकायों को सौंप दिए हैं जिसके लिए घर–घर पूजित अक्षत पंहुचाने के लिए टीमें बनी हैं। उन्होंने कहा कि 500सों वर्षों के संघर्षों व हजारों लोगों के बलिदान के परिणाम स्वरूप आज हमें भव्य श्रीराम जी की प्राण–प्रतिष्ठा में सम्मिलित होने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है जो सम्पूर्ण देश के लिए गौरव का क्षण है।

कलश यात्रा के अवसर पर जिला कार्यवाह गोविंद राणा, जिला सह संघचालक अष्टम सिंह, संजय सिंह,जिला प्रचारक नवीन, नगर कार्यवाह मोहन,खण्ड कार्यवाह अनूप, राजेन्द्र गैरोला,अम्मी चंद शाह, हरिमोहन नेगी, राजपाल पंवार, जगमोहन सिंह, शिशपाल, मोहब्बत नेगी,मदन नेगी,किताब सिंह, मीना सेमवाल,रेखा रावत, सुमित्रा राणा, सुनीता नौटियाल,रामप्यारी रतुडी, विनोद असवाल, उपेंद्र असवाल,हरिमोहन नेगी, फकीर चंद रावत, पवन नौटियाल, विक्रम सिंह सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

### एक–एक गांव को चयन करते हुए पूर्ण प्लान तैयार करने के निर्देश

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। जिलाधिकारी सौरभ गहरवार ने जिला कार्यालय एनआईसी कक्ष में मनरेगा एवं अमृत सरोवरों व प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत किए जा रहे कार्यों की विकास खंड वार समीक्षा की। उन्होंने बैठक में सभी खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि मनरेगा के तहत जो भी कार्य निर्माणाधीन हैं उन कार्यों को शीघ्रता से शीघ्र पूर्ण करते हुए शत–प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने के निर्देश दिए। इसमें किसी भी तरह से कोई ढिलाई एवं शिथिलता न बरती जाए। उन्होंने मत्स्य निरीक्षक को भी निर्देश दिए हैं कि सभी विकास खंडों में तैयार किए जा रहे अमृत सरोवरो में मत्स्य पालन को देखते हुए प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही संबंधित उप जिलाधिकारी के साथ संबंधित क्षेत्र की भूमि का निरीक्षण करते हुए भूमि किस श्रेणी की है इस इस संबंध में विस्तृत आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।

*सपने वो नहीं जिन्हे हम रात में सोने के बाद देखते है, सपने तो वो हैं जिन्हे हम दिन में अपनी खुली आँखों से देखते हैं ।*
*–अज्ञात ।*



विचार-प्रवाह देहरादून, रविवार, 31 दिसंबर 2023
पेज थ्री
www.page3news.in

# मांग की अनदेखी

**संयुक्त राष्ट्र महासभा की 78वीं बैठक में विदेश मंत्री जयशंकर ने भी कहा था कि सुधार को स्वीकार न करने से संयुक्त राष्ट्र अप्रासंगिक होता जाएगा। लोग अपनी समस्याएं सुलझाने कहीं और जाने लगेंगे।**

अनुज सनवाल।।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक कार्यक्रम में कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद एक पुराने क्लब जैसी हो गई है जिसके सदस्य यह सोचकर नए सदस्यों का प्रवेश रोके रहते हैं कि इससे क्लब पर उनकी पकड़ ढीली न हो जाए या उनके फैसलों पर सवाल न उठने लगें। यह बेशक कड़ा बयान है, लेकिन इसकी वजहें वजहें हैं।

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार की मांग नई नहीं है। अन्य देशों के साथ भारत भी लंबे समय से तमाम वैश्विक मंचों पर ऐसी मांग करता रहा है। हाल की बात करें तो इसी सितंबर में जी20 देशों के शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि वैश्विक व्यवस्था को मौजूदा दौर की वास्तविकताओं पर आध ाारित होना चाहिए। उन्होंने इस संदर्भ में विशेष रूप से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का जिक्र किया था। संयुक्त राष्ट्र महासभा की 78वीं बैठक में विदेश मंत्री जयशंकर ने भी कहा था कि सुधार को स्वीकार न करने से संयुक्त राष्ट्र अप्रासंगिक होता जाएगा। लोग अपनी समस्याएं सुलझाने कहीं और जाने लगेंगे।



खुद संयुक्त राष्ट के अंदर से भी सुधार की जरूरत बताई जाने लगी है। पिछले सप्ताह संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष डेनिस फ्रांसिस ने सुरक्षा परिषद में सुधार की जरूरत पर जोर देते हुए कहा कि यह संस्था पंगु होती जा रही है। अन्य देश भी इस तरह की मांग उठाते रहे हैं। इन मांगों को मौखिक समर्थन देते हुए भी सुरक्षा परिषद के पांचों स्थायी सदस्य देश इन्हें अमल में लाने में कोई दिलचस्पी नहीं दिखाते।

द्वितीय विश्वयुद्ध के ठीक बाद जब संयुक्त राष्ट्र के रूप में एक नया वैश्विक संगठन अस्तित्व में आया, तब वैश्विक हालात बिल्कुल अलग थे। भारत समेत एशिया और अफ्रीका के ज्यादातर देश स्वतंत्र भी नहीं हुए थे। तब से अब तक स्थितियों में जमीन–आसमान का अंतर आ चुका है। कभी पांच ही देश परमाणु शक्ति संपन्न थे और ये सभी संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के स्थायी सदस्य के तौर पर वीटो पावर से लैस थे। लेकिन उसके बाद भारत जैसा देश न सिर्फ परमाणु शक्ति संपन्न राष्ट्रों के क्लब में आया बल्कि वह विश्व की बड़ी आर्थिक ताकत भी बन चुका है।

इन बदलती सचाइयों से आंखें मूंदे रहने का ही नतीजा है कि प्रायः सभी अहम मौकों पर यह मंच पूरी तरह से प्रभावहीन साबित होता है। ताजा उदाहरण इस्राइल–हमास जंग का है। जंग शुरू होने के ढाई महीने होने को आए, पर सुरक्षा परिषद अभी तक युद्धविराम का एक प्रस्ताव भी पास नहीं कर पाई है। जाहिर है, इस मंच को सक्रिय और प्रभावी बनाए रखना है तो समय के साथ बदलाव को स्वीकार करते हुए आगे बढ़ना होगा।

## तुलसी विवाह

धर्म-दर्शन

**अशोक वोहरा।** वृंदा क्रोधित होकर भगवान को श्राप दे दिया की "आप पत्थर के हो जाओ",भगवान तुंरत पत्थर के हो गए। सभी देवता हाहाकार करने लगे। लक्ष्मी जी रोने लगीं और प्राथना करने लगीं तब जा कर वृंदा जी ने भगवान को वापस वैसा ही कर दिया और अपने पति का सिर लेकर वे सती हो गई। उनकी राख से एक पौधा निकला तब भगवान विष्णु जी ने कहा– आज से इनका नाम तुलसी है,और मेरा एक रूप इस पत्थर के रूप में रहेगा जिसे शालिग्राम के नाम से तुलसी जी के साथ ही पूजा जाएगा और मैं बिना तुलसी जी के प्रसाद स्वीकार नहीं करुंगा। तब से तुलसी जी की पूजा सभी करने लगे और तुलसी जी का विवाह शालिग्राम जी के साथ कार्तिक मास में किया जाता है। देवउठनी एकादशी के दिन इसे तुलसी विवाह के रूप में मनाया जाता है।

## संपादकीय

### भारत की सुनी गई

प्रधानमंत्री मोदी ने दुबई में मिशन लाइफ और सस्टेनेबल कंजम्पशन की बात की थी। दुबई फैसले में, जिसे यूएई कंसेंसस कहते हैं, इसे भी रखा गया है। तीसरे, भारत बहुत दिनों से कह रहा है कि कोयले को ही टारगेट करना सही नहीं है। ऑयल और गैस के बारे में भी बात करनी जरूरी है। तो जो फॉसिल फ्यूल ट्रांजैक्शन की बात आई है, वह सिर्फ कोयले के बारे में ही नहीं, तेल और गैस के बारे में भी है। भारत पहला देश था जिसने पिछले साल मिस्र में हुए कॉप 27 में फॉसिल फ्यूल फेजडाउन के बारे में डिमांड की थी, जो इस साल पूरी हो हो गई है। यह भी भारत की जीत है। हालांकि भारत की जो मांग फाइनैंस की थी कि विकसित देश फाइनैंस को बढ़ाएं, उस पर बात आगे नहीं बढ़ी। अब देखते हैं कि भारत ने क्या जीता, भारत की क्या भूमिका रही दुबई में। पहली बात तो यही है कि जो भारत की जी20 प्रेसिडेंसी का दिल्ली डिक्लेरेशन था कि हम रीन्यूएबल एनर्जी बढ़ाएंगे और इसकी क्षमता दोगुनी करेंगे, यह हूबहू सीओपी 28 के फैसले में आया है। इसी प्रकार, ऊर्जा दक्षता को दोगुना करने के जी20 के निर्णय को सीओपी 28 द्वारा अपनाया गया है।

**एक ऐसी जगह जहां की अर्थव्यवस्था अ०यल और नैचरल गैस पर निर्भर है। संदेह था कि दुबई में क्लाइमेट चेंज को लेकर कोई ठोस जवाब निकलेगा या नहीं।**

# फॉसिल फ्यूल का सवाल

हर्ष वी. पंत।।

14 दिसंबर को दुबई में समाप्त हुआ कॉप 28 बहुत महत्वपूर्ण रहा है। पेरिस समझौते के बहुत से फैसलों पर दुबई में ही अंतिम निर्णय होना था। लेकिन इस मीटिंग से लोगों को बहुत आशा नहीं थी क्योंकि यह एक पेट्रोस्टेट में हो रही थी। एक ऐसी जगह जहां की अर्थव्यवस्था ऑयल और नैचरल गैस पर निर्भर है। संदेह था कि दुबई में क्लाइमेट चेंज को लेकर कोई ठोस जवाब निकलेगा या नहीं। पश्चिमी मीडिया, खासकर यूरोपीय और अमेरिकी मीडिया में यूएई के बारे में बहुत नेगेटिव रिपोर्टिंग थी, क्योंकि कॉप 28 के जो प्रेसिडेंट हैं, वह दुनिया की सबसे बड़ी ऑयल कंपनी के सीईओ भी हैं।

इस मीटिंग को कुछ अहम सवालों के जवाब देने थे। सबसे बड़ा सवाल फॉसिल फ्यूल को लेकर था। कोयला, गैस और तेल, क्लाइमेट चेंज के सबसे बड़े कारण हैं। दुबई में फैसला लेना था कि इन्हें किस तरह से कम किया जाए। पैसा कहां से आएगा। दूसरा सवाल लॉस एंड डैमेजेस फंड का था। इस फंड से विकासशील देशों को क्लाइमेट चेंज डिजास्टर से बचने के लिए सपोर्ट मिलना है। वादों का क्या । तीसरा अहम मुद्दा था ग्लोबल स्टॉकटेक पर फैसला करने का। ग्लोबल स्टॉकटेक यानी देशों ने जो वादे और कमिटमेंट किए हैं, वे किस हद तक पूरे हो पाए हैं। इन तीन मुद्दों के मद्देनजर दुबई बैठक बेहद अहम मानी जा रही थी।



मेरा मानना है कि दुबई में एक बहुत ही सफल मीटिंग रही है। पहला कारण है कि एक पेट्रोस्टेट में ओपेक के खिलाफ जाकर दुबई में पहली बार फॉसिल फ्यूल जैसे शब्द का इस्तेमाल क्लाइमेट एग्रीमेंट में हुआ है। तीस साल की क्लाइमेट चेंज की हिस्ट्री में किसी में भी फॉसिल फ्यूल शब्द का इस्तेमाल नहीं हुआ था। दुबई में फैसला हुआ है कि हम अब फॉसिल फ्यूल से ट्रांजिशन करेंगे, धीरे–धीरे इसे कम करेंगे। क्लाइमेट चेंज के जो मुख्य कारण हैं, दुबई में हम उसे पिछले तीस सालों में पहली बार संबोधित कर रहे थे। काफी लोगों का कहना है कि बहुत साफ फैसला नहीं है। फॉसिल फ्यूल ट्रांजिशन की बात हो रही है, इसके फेजडाउन और फेजआउट की बात नहीं हो रही है।

दुबई में पहले दिन ही लॉस एंड डैमेज फंड को ऑपरेशनलाइज किया गया। इसमें लगभग 800 मिलियन डॉलर दिए गए। 100 मिलियन डॉलर तो यूएई ने खुद दिए, जो मेजबान था। लेकिन इस फंड से पता लगता है कि अमीर देशों का दिल कितना छोटा है। अमेरिका ने 17.5 मिलियन डॉलर ही दिया है। जर्मनी ने भी 100 मिलियन डॉलर दिया है, लेकिन अमेरिका जो दुनिया का सबसे बड़ा देश है, जिसके पास पैसे की कमी नहीं है, उसने कुल 17.5 मिलियन डॉलर दिया है। अभी यह फंड 800 मिलियन डॉलर का है, जो काफी कम है। फिर भी इस फंड का काम शुरू करना बड़ी बात है क्योंकि इससे गरीब और कमजोर देशों को फायदा जरूर होगा।

ग्लोबल स्टॉकटेकिंग का जो प्रॉसेस है पेरिस समझौते में, वही काफी लचीला और कमजोर है। जिसके कारण मेसेज यह आया है कि पूरी दुनिया पेरिस समझौते के 1.5ब के गोल पर नहीं पहुंच पा रही है, बल्कि 2.7 डिग्री तापमान की ओर बढ़ रही है। यह भी मेसेज नहीं है कि किस देश ने अपना वादा निभाया या नहीं निभाया। इस पर ग्लोबल स्टॉकटेक एकदम चुप है।

### सूडोकू नवताल-5394

सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकू नवताल -5393 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 4 | | 9 | 7 | 5 | 1 | 6 |
| 3 | 5 | 6 | 1 | 4 | 2 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 9 | 7 | 6 | 5 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 1 | 4 | 7 |
| 5 | 3 | 1 | 4 | 7 | 9 | 8 | 6 | 2 |
| 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 9 | 5 | 3 |
| 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 6 | 1 | 5 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 8 |
| 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 2 | 1 |

## अपना ब्लॉग

### चीन का दोष

**मोहन।** जो विकसित देश हैं, उन्होंने अपने वादे पूरे नहीं किए, यह साफ–साफ ग्लोबल स्टॉकटेक में आना चाहिए था। इसी तरह से चीन पर भी चुप्पी रही। आज चीन दुनिया का एक चौथाई कार्बन उत्सर्जन करता है। बिना चीन में कार्बन की कमी के हम 1.5C का टेंपरेचर टारगेट कभी नहीं पा सकते। इसमें भी ग्लोबल स्टॉकटेक में कोई चर्चा नहीं हुई। अगली मीटिंग में देशों को कमिटमेंट देने हैं, उस पर भी साफ निर्देश या मापदंड इसमें नहीं हैं। अंत में मैं कहूंगा कि यूएई कंसेंसस बहुत ही बैलेंस डॉक्युमेंट है। हम लोग सोच भी नहीं रहे थे कि एक संतुलित फैसला आएगा। यूएई की प्रेसिडेंसी ने अच्छा काम किया है, क्लाइमेट चेंज को लेकर यह एक कदम आगे की बात है, पीछे की नहीं। अब क्रियान्वयन का समय आ गया है। हमारे पास इंतजार करने का समय नहीं है। ग्लोबल स्टॉकटेक पर दुबई की मीटिंग थोड़ी मात खा गई है। लेकिन इसमें यूएई की कोई गलती नहीं है। लेकिन मैं मानता हूं कि हालात के मद्देनजर यह फैसला बहुत बड़ा है।






## मणिपुर सिंगर अखु चिंगंगबम का बदमाशों ने किया किडनैप


मणिपुर के सिंगर और गीतकार अखु चिंगंगबम को कुछ बदमाशों ने बंदूक की नोक पर किडनैप कर लिया। घटना ऐसे समय में घटी है, जब पिछले कई महीनों से मणिपुर में मैतेई और कुकी समुदाय के बीच हिंसा देखी जा रही है। बताया जा रहा है कि सिंगर अखु चिंगंगबम की पत्नी और मां पर कुछ बदमाशों ने बंदूक तान दी। वो हथियारों से लैस थे। रिपोर्ट के मुताबिक, पुलिस ने बताया कि बदमाशों ने 29 दिसंबर को अखु चिंगंगबम को किडनैप किया। अखु चिंगंगबम पूर्वी इंफाल के खुरई के रहने वाले हैं। वह वहां इंफाल टॉकीज नाम के लोकल बैंड के फाउंडर हैं। अखु चिंगंगबम एक सिंगर और गीतकार ही नहीं बल्कि सोशल वर्कर भी हैं। वह इंस्टाग्राम पर भी एक्टिव हैं। अखु चिंगंगबम का असली नाम रोनिद चिंगंगबम है। साल 2016 में वर्ल्ड म्यूजिक डे पर एक एक्सीडेंट में उनके एक कान में गहरी चोट लगी, जिसके कारण उन्हें सुनाई देना बंद हो गया। वह डज्ट इंडिया के म्यूजिकल टीवी शो का भी हिस्सा रह चुके हैं। मालूम हो कि मणिपुर में 3 मई 2023 से हिंसा चल रही है। वहां मैतेई और कुकी समुदाय के बीच हिंसक झड़प हो रही है। मैतेई समुदाय चाहता है कि उसे भी कुकी समाज की तरह मणिपुर राज्य में ेज का दर्जा दिया जाए। इसी बात पर और विवाद बढ़ गया क्योंकि मैतेई समुदाय की इस मांग का कुकी समाज ने विरोध करना शुरू कर दिया।

## पैरासाइट एक्टर ली सन–क्युन मौत मामले में ट्विस्ट

ऑस्कर जीत चुकी साउथ कोरियन फिल्म पैरासाइट के स्टार ली सन–क्युन की मौत ने फैंस को गहरा झटका दिया है। एक्टर की लाश उनकी कार में मिली थी। इसके बाद ही इस मामले में सुसाइड से लेकर हत्या के कयास लग रहे हैं, वहीं इससे जुड़े ब्लैकमेलिंग मामले में नया मोड़ आया है। दक्षिण कोरिया की पुलिस ने एक 28 साल की महिला को पुलिस ने हिरासत में लिया है। कथित तौर पर इस महिला की पचान ए के रूप में की गई है, जो कानूनी कार्यवाही से बचने का प्रयास कर रही थी। इंचियोन पुलिस एजेंसी की मेट्रोपॉलिटन इन्वेस्टिगेशन यूनिट ने 27 दिसंबर को जबरन वसूली और ब्लैकमेल के आरोप में ए के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक, 28 साल की ए के खिलाफ पहले से ही वारंट जारी था, लेकिन वह इंचियोन जिला कोर्ट में पेश नहीं हुई। इस बाबत कोई सफाई भी नहीं दी गई। ऐसे में जांच एजेंसी ने उसके ठिकाने का पता लगाने के लिए एक खोज शुरू की।

## जंगल घूमने गई संजीदा शेख की तस्वीरें देख ठनका सबका माथा





संजीदा शेख आजकल जब भी सोशल मीडिया पर तस्वीरें शेयर करती हैं, तो वह यूजर्स के निशाने पर आ जाती हैं। वह अपने बिंदास अंदाज के लिए हमेशा सुर्खियां बटोरती रहती हैं। इस वक्त वह अपनी नई तस्वीरों के कारण चर्चा बटोर रही हैं, और इनके कारण वह यूजर्स के निशाने पर भी आ गई हैं। दरअसल संजीदा शेख हाल ही जंगल सफारी के लिए गईं, लेकिन इस दौरान उन्होंने जो कपड़े पहने थे, वो देख यूजर्स का माथा ठनक गया। उन्होंने एक्ट्रेस को सलीका सीखने का ज्ञान देना शुरू कर दिया। बेबाक और बोल्ड स्टाइल के लिए मशहूर संजीदा शेख ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर जंगल सफारी से कुछ तस्वीरें और वीडियो शेयर किए। इनमें वह डीप नेक वाली क्रीम कलर की ड्रेस पहने नजर आ रही हैं। इसी अंदाज को देख यूजर्स बिफर पड़े हैं और अनाप–शनाप कमेंट कर रहे हैं। वहीं, कुछ का कहना है कि एक्ट्रेस को इस तरह के फैशन सेंस से बचना चाहिए। एक यूजर ने तो यहां तक कह दिया कि एक्ट्रेस को कम से कम बटन तो लगा लेने चाहिए थे। लेकिन फैंस संजीदा की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। उनकी इन तस्वीरों ने वाकई इंटरनेट का पारा बढ़ा दिया है। संजीदा ने एक वीडियो भी शेयर किया है, जिसमें पक्षी उनके सिर पर बैठा हुआ है। वह जंगल सफारी का पूरा आनंद ले रही हैं।

# अक्षय कुमार के साथ धोखा! किससे शादी की और क्या मिला



एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)


*बॉलीवुड एक्ट्रेस और अब राइटर बन चुकीं ट्विंकल खन्ना अपना जन्मदिन मना रही हैं। वह 50 साल की हो गई हैं। इस खास मौके पर उनके पति और सिनेमा की दुनिया के खिलाड़ी अक्षय कुमार ने एक मजेदार पोस्ट किया है। अक्षय ने एक वीडियो पोस्ट किया है और दिखाया है कि 22 साल पहले उन्होंने क्या सोचकर ट्विंकल खन्ना से शादी की थी और आखिरकार उन्हें क्या मिला है। वीडियो छोटा सा है, लेकिन इसे देखते ही आपके चेहरे पर एक मुस्कान जरूर तैरने लगेगी। वैसे, खास बात यह भी है कि ट्विंकल खन्ना अपना जन्मदिन अपने दिवंगत सुपरस्टार पिता राजेश खन्ना के साथ शेयर करती हैं।*

**ट्विंकल खन्ना के बर्थडे पर किया मजेदार पोस्ट**

अक्षय कुमार ने इंस्टाग्राम पर वीडियो शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा है, मेरा हल्क लंबे समय तक जीवित रहे!! अपने ह्यूमर से हमारे जीवन में इतने साल जोड़ने के लिए शुक्रिया। ईश्वर तुम्हारी जिंदगी में और भी बहुत साल जोड़े। जन्मदिन मुबारक हो, टीना।

**अक्षय ने क्या सोचा और क्या मिला!**

इस वीडियो की शुरुआत ट्विंकल की एक एक बेहद प्यारी तस्वीर से होती है। इसमें वह हाथ में वाइन का गिलास लिए घाटी के सामने सफेद रंग की ड्रेस में नजर आ रही हैं। इस तस्वीरे के उफर लिखा है, वो, जिससे मैंने सोचा कि मेरी शादी हुई। इसके बाद वीडियो में आगे ट्विंकल का क्लिप आता है।





जिसमें वह एक थिएटर में मार्वल के सुपरहीरो हल्क के बड़े से पुतले के आगे खड़ी हैं। इस क्लिप से पहले वीडियो में लिखा है, असल में मेरी जिससे शादी हुई। आगे वीडियो में ट्विंकल हल्क के पुलते के सामने पोज देते हुए मस्ती में कहती हैं, ए हेगा पुतला, ए हेगा असली हल्क।

**साल 2001 में अक्षय-ट्विंकल की शादी, दो बच्चे**

जानकारी के लिए बता दें कि अक्षय कुमार और ट्विंकल खन्ना ने साल 2001 में शादी की थी। उनकी शादी को 22 साल हो गए हैं। ट्विंकल और अक्षय की दो संतान हैं। बेटा आरव 21 साल का है, जबकि बेटी नितारा अभी 11 साल की है।

**अक्षय के पोस्ट पर फैंस के कॉमेंट्स**

अक्षय कुमार के इस बर्थडे पोस्ट पर आयशा श्रॉफ ने कॉमेंट किया है। उन्होंने ट्विंकल को शुभकामनाएं दीं और लिखा, हाहाहा, जन्मदिन मुबारक हो टीना! एक फैन ने पोस्ट पर कॉमेंट किया है, इस असली हल्क की वजह से आप शांत हो सर, नहीं तो 90 के दशक के खिलाड़ी सबको पता हैं।

**अक्षय कुमार की आगे आने वाली फिल्में**

वर्कफ्रंट की बात करें तो अक्षय कुमार के लिए 2023 बहुत अच्छा नहीं रहा। हालांकि, उनके कैमियो वाली फिल्म 'OMG 2' जरूर बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ क्लब का हिस्सा बनीं। लेकिन इसके साथ ही सेल्फी और मिशन रानीगंज जैसी फिल्में बुरी तरह पिट गईं। आगे अक्षय कुमार जहां टाइगर श्रॉफ के साथ बड़े मियां छोटे मियां में नजर आएंगे, वहीं उनकी वेलकम टू द जंगल, हेरा फेरी 3 के साथ–साथ साउथ की सोरारई पोटरू की अनटाइटल्ड रीमेक फिल्म भी रिलीज होने वाली है। अक्षय रोहित शेट्टी की फिल्म सिंघम 3 में भी कैमियो करते नजर आएंगे।

# कैंसर की वजह से शर्मिला टैगोर ने ठुकराया ऑफर



*हाल ही में अपने बेटे सैफ अली खान के साथ स्ट्रीमिंग चैट शो श्कॉफी विद करणश के सीजन 8 के लेटेस्ट एपिसोड में बॉलीवुड की दिग्गज एक्ट्रेस शर्मिला टैगोर भी पहुंचीं। इस शो पर शर्मिल के ग्रेसफुल अंदाज, उनके किस्से और परिवार के साथ उनकी बॉन्डिंग की हर तरफ चर्चा है। इसी शो में उन्होंने अपने कैंसर डायग्नोसिस के बारे में उन्होंने कुछ बातें कीं। शर्मिला ने बताया कि इसी बीमारी के साथ उन्होंने श्रॉकी और रानी की प्रेम कहानीश का ऑफर ठुकरा दिया था।*

इस चैट शो के दौरान दर्शकों को पता लगा कि शर्मिला को करण जौहर के डायरेक्शन में बनी फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में सपोर्टिंग रोल का ऑफर किया गया था।

**उस समय अपने हेल्थ को लेकर वो काफी परेशान थीं**

शो के होस्ट करण जौहर ने बताया कि उन्होंने पहले यह भूमिका शर्मिला को ऑफर की थी, लेकिन बाद में शबाना आजमी ने इसे निभाया। शर्मिला ने इस कहानी को आगे बढ़ाते हुए कहा कि वह उस समय अपने हेल्थ को लेकर वो काफी परेशान थीं। करण ने कहा कि उन्हें इस फिल्म में उनके साथ काम न कर पाने का अफसोस है।

**शबाना ने आलिया भट्ट की दादी का रोल निभाया**

दरअसल इस फिल्म में शबाना ने आलिया भट्ट की दादी का रोल निभाया है। करण ने कहा, मैंने शर्मिला जी को शबाना जी द्वारा निभाई गई भूमिका की पेशकश की थी, वह मेरी पहली पसंद थीं। लेकिन उस वक्त स्वास्थ्य कारणों के चलते वह हां नहीं कह पाईं। मुझे इसका अफसोस है।

**मैंने कोविड का टीका नहीं लगवाया था**

शर्मिला ने बताया, कोविड–19 चरम पर था। मैंने कोविड का टीका नहीं लगवाया था। मैंने मेरे कैंसर के बाद जोखिम न लेते हुए ये कदम उठाया था। करण ने कहा, ये अफसोस रहेगा और मुझे उम्मीद है कि हम इसकी भरपाई कर सकते हैं और साथ मिलकर काम कर सकते हैं। शर्मिला ने पहले स्ट्रीमिंग फिल्म गुलमोहर से कमबैक किया, जिसमें मनोज बाजपेयी भी थे। कॉफी विद करण सीजन 8 डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर स्ट्रीम हो रहा है।

# फ्रिज में रखते ही जहर बन जाती हैं खाने की ये चीजें

*कैंसर एक खतरनाक बीमारी है जो मौत के बेहद करीब ले जाती है। आपको जानकर हैरानी होगी कि इसके पीछे फ्रिज में रखे 4 फूड हो सकते हैं जिन्हें आपको वहां स्टोर नहीं करना चाहिए था।*



**चावल**
यह गलती सभी के घर में होती है। पके हुए चावल सबसे तेजी से फफूंद पकड़ते हैं। लेकिन अगर आपके पास इसे फ्रिज में रखने के अलावा कोई रास्ता नहीं बचा है तो ध्यान दें कि 24 घंटे से ज्यादा ना रखा जाए।

फूड आइटम को खराब होने से बचाने के लिए फ्रिज में रख दिया जाता है। यह आदत कुछ खाद्य पदार्थों के लिए सही नहीं है और उनमें जहरीले टॉक्सिन पैदा कर देती है। ये विषाक्त पदार्थ काफी खतरनाक होते हैं और बॉडी को इस तरीके से नुकसान पहुंचाते हैं कि कैंसर की सेल्स बनने लगती हैं। आयुर्वेद एक्सपर्ट और गट हेल्थ कोच डॉ. डिंपल जांगड़ा ने 4 फूड्स को फ्रिज में स्टोर करने से सख्त मना किया है। जबकि हर घर में इनमें से कोई एक या सारी चीजों को फ्रिज के ठंडे तापमान में रखा जा रहा है। आइए जानते हैं कि यह आइटम शरीर के लिए कितने नुकसानदायक होते हैं।

**लहसुन**
डॉ. डिंपल ने बताया कि ना कभी आपको छिला हुआ लहसुन खरीदना चाहिए और ना उसे फ्रिज में रखना चाहिए। इसमें बहुत जल्दी फफूंद लग जाती है, जिसे शोधों में कैंसर का कारण देखा गया है। हमेशा बेछिला लहसुन खरीदें और उसे जरूरत पड़ने पर ही छीलें। इन्हें हमेशा नॉर्मल टेंप्रेचर में स्टोर करना चाहिए।

**प्याज**
प्याज कम तापमान के खिलाफ रेजिस्टेंट होती है। जब भी आप इसे फ्रिज में रखते हैं तो इसका स्टार्च शुगर में बदल जाता है और आसानी से फफूंद लग जाती है। कई लोग आध ा कटा प्याज भी फ्रिज में रख देते हैं, जिससे वातावरण में मौजूद सारे अनहेल्दी बैक्टीरिया उसके अंदर जाने लगते हैं। इसे बैग के अंदर या आलू के पास भी नहीं रखना चाहिए।

**अदरक**
जब आप अदरक को रेफ्रिजरेट करते हैं तो इसमें बहुत स्पीड से फफूंद लगना शुरू हो जाता है। इस विषाक्त पदार्थ को किडनी और लिवर फेलियर का खतरा माना गया है। इसलिए अदरक को भी हमेशा साफ और नॉर्मल तापमान में स्टोर करना चाहिए।



## ये है टॉयलेट सीट पर बैठने का बिल्कुल सही तरीका

पॉटी करना दिन का सबसे जरूरी काम है। अगर आप इसे ठीक से नहीं करते हैं तो पूरे दिन परेशान रह सकते हैं। धीरे–धीरे यह समस्या कब्ज भी बन सकती है जो आगे चलकर बवासीर और फिशर का रूप ले सकती है। इतना महत्वपूर्ण होने के बावजूद अधिकतर लोग इसे करने का सही तरीका नहीं जानते हैं। किसी को इंडियन टॉयलेट कंफर्टेबल लगता है तो कोई वेस्टर्न पॉट को बेहतर मानता है। आप किसी भी तरह का टॉयलेट पॉट इस्तेमाल कर रहे हों, आपको कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए। डायटिशियन म्तपद झमददमल ने पॉटी करने का सही तरीका बताया है जिसे स्क्वैटी पॉटी कहा जाता है। इंडियन टॉयलेट पेट साफ करने के लिए बढ़िया पोजीशन देते हैं और वेस्टर्न टॉयलेट पर पॉटी करने के लिए नेचुरल पोजीशन नहीं बनती है। इसलिए जब भी आप वेस्टर्न पॉट का इस्तेमाल करें तो डाइटिशियन ने एक स्टूल को पैरों के नीचे रखने की सलाह दी है। जिससे आपके घुटने कूल्हों से थोड़ा ऊपर उठ जाएं। पेट साफ करते हुए आपको कमर को सीधा नहीं रखना है। इससे मल आसानी से बाहर नहीं आ पाता। आप कमर को थोड़ा आगे की तरफ झुकाएं और कोहनियों को घुटनों के ऊपर रखें। यह पॉट पर बैठने का सबसे ठीक तरीका है।

# खतरनाक बीमारियों को चुटकियों में मिटाता है इस रंग का फूड

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

*एक्सपर्ट रंगीन खाद्य पदार्थों को सेहत के लिए काफी स्वास्थ्यवर्धक मानते हैं। इनके कलर में ही असली ताकत होती है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि कौन–से रंग का फूड कौन सी बीमारी में खाना चाहिए। अगर नहीं तो अमेरिकी डॉक्टर मार्क हाइमन ने इसके बारे में पूरी जानकारी दी है। डॉ. मार्क हाइमन कहते हैं कि आप जितने रंगीन खाद्य पदार्थ खाते हैं आपको उतना ही एंटी इंफ्लामेटरी, डिटॉक्सिफाइंग, फाइटोन्यूट्रिएंट और एंटीऑक्सीडेंट्स मिलते हैं। इन तत्वों के अंदर दवा जितनी शक्ति होती है जो बीमारियों को जल्दी ठीक करने में कारगर साबित होते हैं। दो रंग की चीजें मिलाकर खाने से ज्यादा फायदा होता है।*



**लाल रंग के फूड**
सेब, टमाटर, चेरी, अनार, स्ट्रॉबेरी, तरबूज, चुकंदर, लाल शिमला मिर्च, लाल बंद गोभी जैसे कई सारे फूड्स का रंग लाल होता है। इस रंग के फूड्स में फ्लेवोन्स, लाइकोपीन, कैराटोनोइड्स, फ्लोरेटिन जैसे फाइटोकेमिकल होते हैं। जो इम्यून सिस्टम मजबूत करने, सूजन कम करने और एंटीऑक्सीडेंट बढ़ाने में मदद करते हैं।

**संतरी रंग के फूड**
संतरा, पपीता, गाजर, कद्दू, शकरकंद, हल्दी, आम का कलर संतरी और हल्का पीला जैसा होता है। ऐसे फूड्स में अल्फा कैरोटीन, कुरकुमिन, बीटा कैरोटीन, कैरोटेनोइड्स होते हैं। जो फैट सॉल्यूबल टिश्यू को एंटीऑक्सीडेंट्स देने, एंडोक्राइन सिस्टम हेल्दी बनाने और फर्टिलिटी सुधारने में मदद करते हैं।



**पीले रंग के फूड**
नींबू, अनानास, केला, पीली शिमला मिर्च, पीली प्याज आदि का रंग चटक पीला होता है। ऐसे खाद्य पदार्थ जिंजेरोल, प्रीबायोटिक फाइबर, लुटिन, रुटिन, जीआक्सैंथिन देते हैं। जो पाचन तंत्र, गैस्ट्रिक प्रॉब्लम्स को मजबूत बनाते हैं और डायबिटीज में अच्छे होते हैं।

**हरे रंग के फूड**
एवोकाडो, नाशपाती, शिमला मिर्च, गोभी, भिंडी, ब्रोकली, पालक, सरसों आदि बहुत हेल्दी फूड्स हैं। जिनमें फाइटोस्टेरोल, टैनिन, सल्फोराफेन, टायरोसोल, थियाफ्लेविन आदि होते हैं। यह चीजें आपकी नसों और खून के लिए बढ़िया होती हैं, इसलिए दिल के मरीजों को यह खाना चाहिए।

**नीले रंग के फूड**
बैंगन, ब्लूबेरी, नीली गोभी, नीले आलू, नीली गाजर जैसे फूड में फ्लेवेनोइड्स, फेनोलिक एसिड, एंथोसाइनिडिन आदि होते हैं। जो कि एंटीऑक्सिडेंट देते हैं और यह आपके दिमाग के लिए बहुत ताकतवर होते हैं। इनसे मूड, याददाश्त, काम करने की क्षमता बढ़ती है।

## न्यू ईयर पार्टी के लिए ऐसे सजाएं अपने घर की बालकनी

न्यू ईयर 2024 के आगाज में अब कुछ दिन ही बाकी रह गए हैं। अब तक लगभग सारे लोगों ने इसे सेलिब्रेट करने का प्लान भी अपना बना लिया होगा। जहां कुछ लोग किसी नए शहर में नए साल का स्वागत करेंगे, वहीं कुछ लोग ऐसे भी होंगे जो अपने घर पर ही इसकी पार्टी करेंगे। ऐसे में यदि आप भी घर पर ही अपने दोस्तों और रिश्तेदारों के साथ न्यू ईयर सेलिब्रेशन का प्लान कर रहे हैं, तो यह लेख आपके लिए है। यहां आप अपने बालकनी को पार्टी के लिए डेकोरेट करने के आसान और बेहतरीन आइडियाज को जान सकते हैं। यह ना केवल आपको एक एक्स्ट्रा स्पेस देता है, बल्कि आप इसकी सजावट से वाइब भी क्रिएट कर सकते हैं। बालकनी में प्लांट्स लगाना इसे सजाने का सबसे आसान तरीका है। इसके लिए आप कई तरह के डिजाइन वाले प्लांटर्स खरीद सकते हैं। लेकिन इसके लिए बालकनी के साइज को ध्यान में रखना बहुत ही जरूरी है। यदि बालकनी छोटा है तो वॉल पर लगाए जाने वाले और हैंगिंग प्लांटर्स ही लें। बालकनी में सीटिंग अरेंजमेंट के लिए बहुत कंफर्टेबल फैब्रिक और चेयर चुनें।

## गरीबों का चिकन है ये फूड, बिरयानी में डालकर खाने से मिलेगी ताकत



चिकन को प्रोटीन का सरताज कहा जाता है मगर यह काफी महंगा होता है। दूसरी तरफ शाकाहारी लोग इससे दूर ही रहते हैं। लेकिन एक फूड ऐसा भी है जो चिकन की तरह ही ताकत देता है। यह फूड पूरी तरह वेजिटेरियन है इसलिए इसका सेवन कोई भी कर सकता है। हम यहां सोयाबीन की बड़ी की बात कर रहे हैं, जो बेहद पौष्टिक है। इसे बिरयानी, करी और कबाब की तरह बना सकते हैं। इसमें गंदे फैट की कमी और बढ़िया प्लांट बेस्ड प्रोटीन बताता है जो मसल्स बनाने और वजन कम करने में मदद करेगा। आइए जानते हैं कि सोया चंक्स को कितने तरीके से खाया जा सकता है। सोयाबीन की बड़ी से ट्रेडिशनल इंडियन रेसिपी तैयार कर सकते हैं। आप बढ़िया और मनपसंद मसालों के साथ टमाटर, प्याज, अदरक, लहसुन डालकर पकाएं। इसमें सोयाबीन की बड़ी डालें और फिर ब्राउन राइस या साबुत गेहूं की रोटी के साथ खाएं। यह काफी आसान रेसिपी है जो बहुत जल्दी बन जाती है। इसमें आपको लाल–पीली–हरी शिमला मिर्च, ब्रोकली और गाजर जैसी रंग बिरंगी सब्जियों के साथ सोयाबीन बड़ी को सॉटे करना है। इसके ऊपर मसाले और हर्ब्स डालकर खाएं। यह एक लो कैलोरी डिश है जो फाइबर से भरी है। सोयाबीन चंक्स से एक प्रोटीन से भरपूर सलाद बना सकते हैं। ऑलिव ऑयल, नींबू रस और कुछ हर्ब्स के साथ इसकी ड्रेसिंग करें और एंजॉय करें।



लुंगी एनगिडी को प्लेइंग इलेवन में मिल सकती है जगह

कोएत्जी के बाहर होने से साउथ अफ्रीका दूसरे टेस्ट में लुंगी एनगिडी को टीम में शामिल कर सकती है। बता दें कि भारत और साउथ अफ्रीका के बीच दूसरा टेस्ट मैच 3 जनवरी से केपटाउन में खेला जाएगा। फिलहाल अफ्रीका दो टेस्ट मैच की सीरीज में 1–0 से आगे है।

## साउथ अफ्रीका को एक और बड़ा झटका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। दूसरे टेस्ट मैच से पहले साउथ अफ्रीका को एक और बड़ा झटका लगा है। तेज गेंदबाज गेराल्ड कोएत्जी चोट के चलते टीम से बाहर हो गए हैं। इससे पहले साउथ अफ्रीका टीम के कप्तान टेम्बा बावुमा पैर में खिंचाव चलते टीम से बाहर हो गए थे। साउथ अफ्रीका क्रिकेट ने शनिवार को यह जानकारी दी। सीएसए ने बताया कि गेराल्ड कोएत्जी के पेल्विक में सूजन है। पहले टेस्ट मैच के दौरान उन्हें यह तकलीफ थी, लेकिन दूसरे मैच से उन्हें बाहर कर डॉक्टरों की निगरानी में रखा गया है। आगामी सीरीज को देखते हुए बोर्ड ने यह फैसला किया है। सोशल मीडिया पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी। बता दें कि पहले टेस्ट मैच में कोएत्जी ने 16 ओवर गेंदबाजी की। इस दौरान 74 रन खर्च किए। साथ ही मोहम्मद सिराज का विकेट हासिल किया। दूसरी पारी में कोएत्जी ने ज्यादा ओवर्स नहीं किए। क्योंकि भारत की पूरी पारी 34.1 ओवर में समाप्त हो गई थी। पहले टेस्ट मैच में साउथ अफ्रीका ने गेंदबाजी और बल्लेबाजी में दमदार प्रदर्शन किया। साउथ अफ्रीका की तरफ से डीन एल्गर ने 185 रन की पारी खेली। वहीं, मार्को यान्सन ने नाबाद 84 रन बनाए।

# कोहली–शास्त्री युग में कृष्णा होते टीम से बाहर

## संजय मांजरेकर ने तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा को लेकर कही बड़ी बात

क्रिकेट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। साउथ अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में मिली हार के बाद संजय मांजरेकर ने तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा को लेकर बड़ी बात कही। मांजरेकर का मानना है कि अगर शास्त्री और विराट का युग होता तो तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा को टीम से हटा दिया गया होता। मांजरेकर का यह भी कहना है कि अगर प्रसिद्ध को बाहर किया गया तो भारतीय फैंस नाराज नहीं होंगे और शायद दूसरे टेस्ट मैच में मुकेश कुमार को प्लेइंग इलेवन में देखना चाहेंगे।

संजय मांजरेकर ने ईएसपीएनक्रिकइंफो पर बात करते हुए कहा, ष्अगर मुकेश कुमार खेलते हैं, तो मुझे नहीं लगता कि बहुत से लोग नाखुश होंगे। वे देख रहे होंगे कि वह नेट्स में कैसी गेंदबाजी




कर रहा है। टीम प्रबंधन भी चाहेगा कि उसे मौका दिया जाए। पहले का टीम प्रबंधन निर्दयी होता, विराट कोहली और रवि शास्त्री ऐसी चीजों से बहुत खुश थे।

हालांकि, भारत के पूर्व क्रिकेटर ने तर्क दिया कि राहुल द्रविड़ के मार्गदर्शन में वर्तमान प्रबंधन उसी तरह से काम करने का विकल्प नहीं चुन सकता है और नवोदित खिलाड़ी को टेस्ट क्रिकेट में अपनी योग्यता साबित करने का एक और मौका दे सकता है। मांजरेकर ने आगे कहा, ये लोग एक बार और मौका दे सकते हैं, लेकिन यह दो मैचों की सीरीज है, वे बदलाव करने के इच्छुक हो सकते हैं।

बता दें कि पहले टेस्ट मैच में साउथ अफ्रीका ने भारत को पारी और 32 रन से मात दी। वहीं, सेंचुरियन में अपने पहले टेस्ट मैच में प्रसिद्ध को कमजोर गेंदबाजी करते हुए देखा गया। तेज गेंदबाज ने मैच में 93 रन देकर सिर्फ एक विकेट हासिल किया। प्रसिद्ध कृष्णा अपने पहले मैच में प्रभाव छोड़ने में नाकाम रहे।

# दूसरे टेस्ट मैच से पहले भारतीय खेमे में आई खुशखबरी, जडेजा ने शुरू की प्रैक्टिस

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। साउथ अफ्रीका के खिलाफ सेंचुरियन में पहले टेस्ट में टीम इंडिया अपने विकल्पों को लेकर जूझती दिखी। भारत ने आर अश्विन और शार्दुल ठाकुर को 7वें और 8वें नंबर पर खिलाया, लेकिन इससे मेहमान टीम को कोई फायदा नहीं मिला। अब ऐसी खबर है कि साउथ अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में रवींद्र जडेजा की वापसी हो सकती हैं। पीठ में हुई ऐंठन के चलते वह पहला टेस्ट मैच नहीं खेल पाए थे।

पीटीआई की रिपोर्ट के मुताबिक, पहले टेस्ट मैच के तीसरे दिन जडेजा को सेंचुरियन में ट्रेनिंग करते हुए देखा गया। 30–40 मीटर शॉर्ट रन दौड़ने से

### 3 जनवरी से खेला जाएगा दूसरा टेस्ट

पहले जडेजा ने थोड़ा वार्म–अप किया और सुपरस्पोर्ट पार्क में मौजूद कई लोगों ने कहा कि वे असहज नहीं दिखे। इसके बाद जडेजा ने पहले टेस्ट के लिए बेंच पर बैठे दूसरे भारतीय गेंदबाज मुकेश कुमार के साथ 20 मिनट तक गेंदबाजी की।

रिपोर्ट में कहा गया है कि जडेजा ने लगातार एक ही स्थान पर गेंदबाजी की और इस दौरान उनकी पीठ में दर्द और ऐंठन जैसी कोई शिकायत नहीं रही। यह भारत के लिए अच्छी खबर मानी जा रही है। फैंस का मानना है कि जल्द ही जडेजा दूसरे टेस्ट मैच में भारतीय टीम में नजर आ सकते हैं। दूसरा टेस्ट मैच तीन जनवरी से




खेला जाएगा।

गौरतलब हो कि बीसीसीआई ने पहले टेस्ट के दौरान मैच शुरू होने से पहले बताया कि जडेजा पीठ में ऐंठन के चलते पहला टेस्ट मैच नहीं खेल पाएंगे। कई लोगों का मानना था कि भारत को जडेजा की जगह एक अतिरिक्त बल्लेबाज खिलाना चाहिए था, लेकिन टीम प्रबंधन ने आर अश्विन को चुना, जिन्होंने सिर्फ एक विकेट लिया और दोनों पारियों में बल्ले से असफल रहे।

## अफ्रीका से शर्मसार होने पर भारतीय दिग्गज हुए आगबबूला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** सेंचुरियन। साउथ अफ्रीका ने सेंचुरियन में खेले गए पहले टेस्ट में भारतीय टीम को शर्मसार करते हुए सिर्फ 3 दिन के भीतर मैच अपने नाम कर लिया। रोहित शर्मा की कप्तानी वाली भारतीय क्रिकेट टीम पहला टेस्ट एक पारी और 32 रन से हार गई। एक बार फिर भारत और उनके फैंस का साउथ अफ्रीका में टेस्ट सीरीज जीतने का सपना चकनाचूर हो गया। इस हार से भारतीय टीम की आलोचना भी हो रही है। इसी बीच दिग्गज भारतीय बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने भी टीम इंडिया को जमकर लताड़ा है। दिग्गज सुनील गावस्कर ने स्टार स्पोर्ट्स पर कहा, वजह सीधी है–आपने यहां कोई मैच नहीं खेला। अगर आप सीधे टेस्ट मैच खेलते हैं, तो यह काम नहीं करता है। हां, आपने इंडिया ए टीम भेजी थी। इंडिया ए टीम को वास्तव में दौरे से पहले आना चाहिए। उन्होंने कहा, आपको यहां आने के बाद अभ्यास मैच खेलने की जरूरत है।

## न्यूज डायरी




### जहां किया टी20 डेब्यू वहीं मिली श्रेयंका पाटिल को वनडे कैप

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय और ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम के बीच दूसरा वनडे वानखेड़े में आयोजित था। दूसरे वनडे में भारत की तरफ से श्रेयंका पाटिल ने डेब्यू किया। इस युवा खिलाड़ी को कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कैप थमाई। श्रेयंका ने वानखेड़े में ही टी20 डेब्यू किया था। इंग्लैंड के खिलाफ टी20 डेब्यू करने के बाद श्रेयंका का वनडे डेब्यू हुआ है। इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज में 5 विकेट लेने के बाद श्रेयंका को पहली बार वनडे टीम में शामिल किया गया था। श्रेयंका ने सीरीज में दमदार प्रदर्शन किया। तीसरे और आखिरी गेम में प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड भी जीता था। श्रेयंका को बाएं हाथ की स्पिनर सैका इशाक की जगह टीम में शामिल किया गया है। अपने पहले वनडे मैच में सैका इशाक ने 6 ओवर में 48 खर्च किए थे। वहीं, स्मृति मंधाना भी प्लेइंग इलेवन में लौट आई हैं और शैफाली वर्मा की जगह ली है। जहां तक श्रेयंका का सवाल है, महिला प्रीमियर लीग में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के लिए खेलते हुए उनका प्रदर्शन शानदार रहा था। इसके बाद वह एशिया कप में इंडिया इमर्जिंग टीम के लिए खेलीं, जिसके बाद वह इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में इंडिया ए के लिए खेलीं। इंग्लैंड के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू किया। पहले मैच में भारत को मिली थी हार बता दें कि तीन मैचों की वनडे सीरीज में ऑस्ट्रेलिया ने पहला मुकाबला जीता है। 283 रन के लक्ष्य को ऑस्ट्रेलिया ने 21 गेंद शेष रहते हासिल कर लिया था।

### संन्यास लेने वाले डेविड वॉर्नर को कोच ने सुनाया भला–बुरा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मेलबर्न। डेविड वॉर्नर ने भले ही उनके बाद टेस्ट क्रिकेट में पारी की शुरुआत के लिए मार्कस हैरिस का नाम लिया हो, लेकिन ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने कहा है कि वे अधिक विकल्पों पर विचार कर रहे हैं और कैमरन ग्रीन भी दौड़ में हैं। वॉर्नर पाकिस्तान के खिलाफ सिडनी में तीन जनवरी से होने वाले तीसरे टेस्ट के बाद टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह देंगे। टेस्ट क्रिकेट में पारी की शुरुआत के लिए वॉर्नर के बाद कई नामों पर विचार चल रहा है। हैरिस, ग्रीन, मैट रेनशॉ और कैमरन बेनक्रॉफ्ट के नाम दौड़ में हैं। मैकडोनाल्ड ने कहा, 'डेविड चयनकर्ता नहीं है। पिछली बार उसने मैट रेनशॉ का नाम लिया था और शायद अगला नाम कैम बेनक्रॉफ्ट और फिर कैमरन ग्रीन का होगा।' उन्होंने ईएसपीएन क्रिकइंफो से कहा, 'लेकिन यह अच्छी बात है कि वह किसी साथी खिलाड़ी का यूं समर्थन कर रहे हैं। उससे उसकी राय पूछी गई थी और हमें खुशी है कि उसने राय दी।' ऑस्ट्रेलिया को अब वेस्टइंडीज के खिलाफ खेलना है और कोच ने कहा कि उससे पहले फैसला ले लिया जाएगा। मैकडोनाल्ड ने यह भी कहा कि यूएई में आईएलटी 20 खेलने के लिए वॉर्नर फरवरी के आखिर में वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे और टी–20 नहीं खेलेंगे। बताते चलें कि ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान के खिलाफ तीन मैच की टेस्ट सीरीज का तीसरा और आखिरी मुकाबला सिडनी में 3 जनवरी से खेला जाएगा।

### पैट कमिंस ने हफीज के बयान पर दिया मजेदार जवाब

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे टेस्ट में पाकिस्तान को हराकर तीन मैचों की टेस्ट सीरीज में 2–0 से बढ़त बना ली है। दूसरे टेस्ट में ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाजों का कहर देखने को मिला। पैट कमिंस, मिचेल स्टार्क और जोश हेजलवुड के आगे पाकिस्तानी बल्लेबाजों की एक न चली। पैट कमिंस ने इस मैच में कुल 10 विकेट लिए। मैच के बाद पाकिस्तान के क्रिकेट निदेशक मोहम्मद हफीज ने माना कि पाकिस्तान ने कुछ गलतियां कि लेकिन यह एमसीजी में ऑस्ट्रेलिया से पाकिस्तान बेहतर टीम लगी। पैट कमिस से प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान हफीज के जवाब को सवाल बनाकर पूछा गया। इस पर पैट कमिंस ने बड़ा मजेदार जवाब दिया। पैट कमिंस प्रेस कॉन्फेंस में कहा, बढ़िया... (हंसते हुए) हां, उन्होंने अच्छा खेला। खुशी है कि हमें जीत मिली। वास्तव में कोई फर्क नहीं पड़ता, है ना? अंत में टीम ही जीतती है। बता दें कि मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान हफीज ने कहा था, ष्हमने एक टीम के रूप में बेहतर क्रिकेट खेला। मुझे इस पर गर्व है। अगर मैं खेल का सारांश दूं, तो पाकिस्तान टीम ने अन्य टीमों की तुलना में बेहतर खेला।

पेज थ्री देहरादून

देहरादून, रविवार, 31 दिसंबर 2023 पेज 8

हमारा दून

पीसी–पीएनडीटी जिला सलाहकार समिति की बैठक करते हुए मुख्य चिकित्साधिकारी।



## संक्षिप्त समाचार

### कलेक्ट्रेट में जिला रजिस्ट्रीकरण प्राधिकरण की हुई बैठक

**संवाददाता** देहरादून। जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 संजय जैन की उपस्थिति में ऋषिपर्णा सभागार कलेक्ट्रेट में जिला रजिस्ट्रीकरण प्राधिकरण की बैठक हुई। समिति द्वारा जनपद अन्तर्गत संचालित समस्त चिकित्सालयों, पैथोलॉजी सेन्टर सहित सैम्पल कलैक्शन केन्द्रों का पंजीकरण करवाने सहित केन्द्रों में कार्यरत कार्मिकों एवं तकनीशियनों का विवरण देना भी आवश्यक है, इसके लिए मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा पत्र प्रेषित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही निर्णय लिए गया कि टीम द्वारा सेन्टरों को रजिस्टर्ड किये जाने हेतु जागरूकता हेतु कार्यशाला आयोजित करते हुए निजी चिकित्सालयों लैब को पंजीकृत किये जाने हेतु जानकारी दी जाए। ज्ञातव्य है कि चिकित्सालय सेन्टर पजींकरण निःशुल्क होता है।

### टीबी उन्मूलन हेतु विभिन्न गतिविधियां करे आयोजित

**संवाददाता** देहरादून। जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय जैन की उपस्थिति में ऋषिपर्णा सभागार कलेक्ट्रेट में जिला टीबी फोरम की बैठक हुई। मुख्य चिकित्साधिकारी ने निर्देश दिए टीबी उन्मूलन हेतु विभिन्न गतिविधियां आयोजित करें, जिसके लिए पेन्टिंग पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की जाए प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित करें साथ ही सोशल मीडिया पर भी टीबी के सम्बन्ध में जागरूकता लाई जाए।

### सूचना विभाग में सेवानिवृत्त कार्मिकों को दी गई भावभीनी विदाई

**संवाददाता** देहरादून। शनिवार को सूचना निदेशालय में आयोजित कार्यक्रम में सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग में अधिवर्षता आयु पूर्ण करने वाले मुख्य प्रशासनिक अधिकारी श्री भुवन चंद्र जोशी एवं तकनीकी सहायक प्रमोद चन्द्र पन्त को सेवानिवृत्ति के अवसर पर भावभीनी विदाई दी गई। संयुक्त निदेशक के एस चौहान ने अपने संबोधन में दोनों कार्मिकों द्वारा विभाग हेतु दिए गए योगदान को याद किया।

### एनबीएफसी गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनी बनने की ओर बढ़ी

**संवाददाता** देहरादून। एडविक कैपिटल लिमिटेड, अपनी लॉन्ग–टर्म बिजनेस स्ट्रेटिजि के एक हिस्से के रूप में और अनेक कार्यक्षेत्रों में अपने बिजनेस इंट्रेस्ट को बढ़ाने के लिए, विस्तारित फाइनेंशियल स्ट्रेंथ के साथ, आज की तारीख में लगभग 1100 मिलियन रुपये के नेट वर्थ और लगभग 2000 मिलियन रुपये की टोटल असेट के साथ एक सिस्टमैटिकली महत्वपूर्ण एनबीएफसी बनने की ओर बढ़ रही है।

# सनातन संस्कृति का परचम चारों ओर लहरा रहाः सीएम

**महोत्सव**

■ साध्वी ऋतंभरा के षष्ठिपूर्ति महोत्सव में शामिल हुए मुख्यमंत्री



**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी शनिवार को मथुरा में साध्वी ऋतंभरा के षष्ठिपूर्ति महोत्सव में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने साध्वी ऋतंभरा को वात्सल्य और ममता की प्रतिमूर्ति बताते हुए शुभकामना दी तथा उनके सुदीर्घ जीवन की कामना की। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर उपस्थित संत महात्माओं को भी नमन कर उनका आशीर्वाद लिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि साध्वी ऋतंभरा का व्यक्तित्व अद्भुत और कृतित्व अकल्पनीय है। उनकी वात्सल्य शक्ति से न जाने कितनी बच्चियों को प्रेरणा और नया जीवन मिला। उनसे सदैव वात्सल्य और ममता का सानिध्य प्राप्त होता हे। मुख्यमंत्री ने कहा कि साध्वी ऋतंभरा के स्नेह और आशीर्वाद से उन्हें व्यक्तिगत रूप से हमेशा लोगों की सेवा करने की शक्ति मिलती है। वे स्वयं उनसे सबसे पहले तब प्रभावित हुए थे जब उनके मुखारबिंदु से श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन के समय प्रखर उद्बोधन सुना था। उनके ओजस्वी उद्बोधन ने लाखों लोगों को हृदय की गहराइयों तक प्रभावित किया था।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी 22 जनवरी को करोड़ों देशवासियों का रामलला को उनकी जन्मस्थली पर विराजमान करने का संकल्प पूर्ण होने जा रहा है। आज रामलला उस समय अपने जन्मस्थान में विराजमान हो रहे हैं, जब भारत दुनिया की पांचवी अर्थव्यवस्था बन चुका है, सनातन संस्कृति का परचम चारों ओर लहरा रहा है, चाँद पर भारत का चंद्रयान उतर चुका है, सूर्य के चारों ओर आदित्य एल वन चक्कर लगा रहा है, पूरा विश्व, भारत की बात कर रहा है, सनातन का भगवा ध्वज चारों ओर फिर से लहरा रहा है, हम दुनिया को कोरोना की मुफ्त वैक्सीन प्रदान करने में सक्षम हो चुके हैं, हम सफलतम जी–20 सम्मेलन की अध्यक्षता करने में सफल हुए हैं और जब हमारे देश के नेतृत्व का लोहा सारे विश्व के नेता मान रहे हैं, यही नहीं प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश पहली बार गुलामी की मानसिकता से बाहर आने में सफल हुआ है। आज काशी में बाबा विश्वनाथ मंदिर के भव्य कॉरिडोर का बनना, उज्जैन में महाकाललोक कॉरिडोर का बनना, केदारनाथ और बद्रीनाथ धाम का सौंदर्यीकरण होना, केदारनाथ तथा हेमकुन्ट साहिब के लिये रोपवे का निर्माण इस बात का स्पष्ट संकेत है कि आज हमारे मंदिरों का ही नहीं बल्कि हमारी संस्कृति का भी संरक्षण और संवर्धन हो रहा है।

मुख्यमंत्री ने उपस्थित जन समूह से अनुरोध किया कि यहां से हम अपने संतों का आशीर्वाद पाकर भगवान श्री राम को स्वयं में धारण करने की यात्रा पर आगे बढ़ें, राम को स्वयं में धारण करने के लिए प्रेम से बढ़कर कोई दूसरा मार्ग नहीं है। राम चरित मानस में कहा भी गया है 'रामहि केवल प्रेम पियारा' उन्होंने कहा कि यह तभी संभव होगा जब हम श्री राम और श्री कृष्ण को मानने के साथ साथ उनके द्वारा दिखाए गए मार्ग का अनुसरण भी करेंगे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में संत महात्मा एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### हमने महत्वपूर्ण और कठोर निर्णय लिए

मुख्यमंत्री ने कहा कि रामभक्तों पर गोली चलाने वाले न तो राम मंदिर बना पाते, न धारा 370 हटा पाते और न ही तीन तलाक हटा पाते। यह प्रधानमंत्री मोदी की ही क्षमता है जो बिना झुके, थके, व डिगे अपने कर्तव्यपथ पर आगे बढ़ते ही रहे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की प्रेरणा से ही वे भी बिना थके, बिना डिगे उत्तराखण्ड की जनता की सेवा कर रहे हैं। उत्तराखंड में विगत ढाई वर्षों में अनेक ऐसे महत्वपूर्ण और कठोर निर्णय हमने लिए हैं, जो विगत 23 वर्षों में संभव नहीं हो पाये थे। भ्रष्टाचारियों के खिलाफ भी पहली बार कार्रवाई करने से हम पीछे नहीं हटे,यही नहीं अब हम देवभूमि में समान नागरिक आचार संहिता को भी लागू करने की तैयारी कर रहे हैं, शीघ्र ही इसे विधानसभा में प्रस्तुत किया जायेगा।

# तीन वरिष्ठ पत्रकारों को पेंशन देने पर बनी सहमति

**बैठक**

■सूचना महानिदेशक की अध्यक्षता में पत्रकार कल्याण कोष समिति की हुई बैठक



**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशों पर सूचना निदेशालय, रिंग रोड देहरादून में सूचना महानिदेशक बंशीधर तिवारी की अध्यक्षता में पत्रकार कल्याण कोष समिति की बैठक संपन्न हुई।

इस दौरान बैठक में कुल 5 पत्रकारों के आश्रितों को पत्रकार कल्याण कोष (कारपस फंड) से आर्थिक सहायता देने हेतु समिति ने सहमति जताई। साथ ही "मुख्यमंत्री पत्रकार सम्मान पेंशन योजना" के अन्तर्गत 3 वरिष्ठ पत्रकारों को पेंशन देने पर सहमति बनी है। उल्लेखनीय है कि पत्रकार एवं मृतक पत्रकार के आश्रितो हेतु पत्रकार कल्याण कोष (कारपस फंड) की स्थापना वर्ष 2008 में की गई। वर्तमान में पत्रकार कल्याण कोष (कारपस फंड) के मूलधन 7 करोड से अर्जित ब्याज के रूप में लगभग 24 लाख की धनराशि एंव 1 करोड़ 25 लाख की एफ.डी के रुप में जमा है। कारपस फण्ड के मूलधन से अर्जित ब्याज की धनराशि से ही पत्रकार एवं उनके आश्रितों को आर्थिक सहायता तथा वर्तमान में प्रदेश के 15 पात्र पत्रकारों को प्रतिमाह 8–8 हजार पेंशन का भुगतान किया जा रहा है।

इस दौरान समिति के सदस्यों के रूप में अपर निदेशक सूचना श्री आशीष कुमार त्रिपाठी, वित्त नियंत्रक शशि सिंह, डॉ. बी.डी.शर्मा, श्री दिनेश जोशी, श्रीमती निशा रस्तोगी, श्री दीन दयाल मित्तल, उपस्थित रहे।

### पीसी–पीएनडीटी जिला सलाहकार समिति की हुई बैठक

**संवाददाता** देहरादून। जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 संजय जैन की उपस्थिति में ऋषिपर्णा सभागार कलेक्ट्रेट में पीसी–पीएनडीटी जिला सलाहकार समिति की बैठक हुई। बैठक में समिति द्वारा 11 केन्द्रों के पंजीकरण के नवीनीकरण, 13 केन्द्रों में स्थापित नई अल्ट्रासाउण्ड मशीन एवं सीटी स्कैन मशीन के पंजीकरण (फार्म–बी),दर्ज कराने हेतु आवेदन पर निरीक्षण के उपरान्त निर्णय लेने, 3 केन्द्रों की पुरानी मशीन निष्प्रोज्य किये जाने के आवेदन के क्रम में 2 मशीनों को निष्प्रोज्य किया गया तथा 1 पर निष्प्रोज्य की कार्यवाही की जानी है। 3 केन्द्रों की मशीन को स्थान्तरित किये जाने के आवेदनों पर निरीक्षण उपरान्त निर्णय किया जाएगा। नई मशीन स्थापित की जाने से पूर्व ट्रैक्कर सिस्टम लगाने के उपरान्त ही सेन्टर में स्थापित की जाए।






स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।